**दिल्ली**
अधिकतम तापमान 35 डिग्री
न्यूनतम तापमान 26 डिग्री
**एनसीआर**
अधिकतम तापमान 34 डिग्री
न्यूनतम तापमान 25 डिग्री

शुक्रवार 26 सितंबर 2025
सूर्योदय प्रातः 06:12 बजे
सूर्यास्त सांय 18:13 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 जातिवाद पर प्रतिबंध योगी सरकार का ऐतिहासिक कदम

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 16 | अंक : 342 | गाजियाबाद, शुक्रवार 26 सितंबर 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







# नाकामी छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रही है कांग्रेस

## जारी रहेंगे जीएसटी सुधार : प्रधानमंत्री

✷ एनसीआर टुडे. लखनऊ ✷

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर देशवासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपा रही है और देश की आर्थिक मजबूती के लिए मोदी सरकार में जीएसटी सुधारों का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा।

श्री मोदी ने दुनिया भर की कंपनियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त और आकर्षक जगह है तथा यहां पर निवेश भारत के साथ साथ विदेशी कंपनियों के लिए भी फायदे का सौदा है।

श्री मोदी ने गुरूवार को यहां उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में जीएसटी व्यवस्था लागू किये जाने और बाद में उसमें किये गये नयी पीढी के सुधारों का उल्लेख किया और कहा कि इससे देश में आर्थिक मजबूती का सूत्रपात हुआ है।

जीएसटी सुधारों पर विपक्ष की बयानबाजी पर उसे आडे हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल 2014 से पहले की अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा , ' कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। वर्ष 2014 की सकरार की नाकामी




छिपाने के लिए कांग्रेस और उसके साथी दल जनता से छूट बोल रहे हैं। उस समय कर की लूट मची हुई थी और उस कर में से भी लूट होती थी। जनता पर कर की मार थी। '

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने कर कम करके मंहगाई कम की है। सरकार ने लोगों की आय बढायी है और कर को कम किया है। उन्होंने कहा कि यदि 12 लाख आयकर मुक्त राशि और जीएसटी सुधारों से होने वाल फायदा को जोड़ा जाये तो लोगों के एक वर्ष में ढाई लाख करोड़ रूपये बचने जा रहे हैं। इसीलिए देश जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। जीएसटी सुधारों को जारी रखने का ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा ,' हम यहीं नहीं रूकने वाले। पहले 2017 में जीएसटी लाया गया और अब 2025 में जीएसटी में सुधार से आर्थिक मजबूती के बाद फिर से सुधार के बल पर आर्थिक मजबूती लायेंगे और जीएसटी में सुधार का सिलसिला चलता रहेगा।'

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में देश में राजनीतिक स्थिरता और नीति निर्माण के साथ-साथ कुशल युवा आबादी है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में ये सभी चीजें एक साथ नहीं है जबकि भारत में निवेश के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है।

उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी कंपनी अगर अपनी बढोतरी को नये पंख लगाना चाहती है तो भारत और उत्तर प्रदेश उसके लिए सबसे आकर्षक निवेश स्थान है। यह सभी के लिए फायदे की स्थिति की तरह है। उन्होंने वहां मौजूद सभी हितधारकों से मिलकर विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश बनाने का संकल्प लेने को कहा।

## भारतीय वायुसेना की ताकत रहे मिग-21 लड़ाकू विमान शुक्रवार को हो जाएंगे सेवामुक्त

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की



ताकत रहे प्रसिद्ध रूसी लड़ाकू विमान मिग-21 शुक्रवार को यहां आयोजित होने वाले एक समारोह में सेवामुक्त हो जाएंगे।

मिग-21 विमानों के संचालन का आधिकारिक समापन 26 सितंबर को चंडीगढ़ में एक औपचारिक फ्लाईपास्ट और विदाई समारोह के साथ होगा, जहां इस प्रतिष्ठित विमान को 60 साल पहले वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत की वायुशक्ति में एक ऐतिहासिक अध्याय के समापन का प्रतीक होगा।

'पैंथर्स' उपनाम वाले तेईसवें स्क्वाड्रन के अंतिम मिग-21 विमान को चंडीगढ़ वायुसेना स्टेशन पर आयोजित समारोह में विदाई दी जाएगी, जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि होंगे।

इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किये बांके बिहारी के दर्शन







✷ एनसीआर टुडे. मथुरा ✷

महाराजा एक्सप्रेस से गुरुवार सुबह मथुरा के वृंदावन पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया।

इसके बाद वह निधिवन पहुंचीं। यहां वृक्षों की पूजा की। इस बीच उनके दौरे को लेकर स्थानीय पुलिस पुलिस पूरी तरह से मुश्तैद और सतर्क है।

राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार सुबह 8 बजे दिल्ली से रवाना हुई थीं। करीब डेढ़ घंटे बाद यानी 10 बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पहुंचीं। ट्रेन के 18 में से 12 कोच राष्ट्रपति और उनके स्टाफ के लिए रिजर्व रखे गए थे। इनमें प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट, रेस्टोरेंट, लाउंज और पावर कार शामिल हैं। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रशासन ने शहरभर में प्रतिबंधित मार्गों पर दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक दुकानों को बंद रखने की अपील की है। 12वीं तक के स्कूल-कॉलेज भी बंद रखा गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति मुर्मू 7 घंटे मथुरा-वृंदावन में रुकेंगी। इस दौरान वह कई धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए जाएंगी। द्रौपदी मुर्मू श्रीकृष्ण जन्मस्थान जाने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन किए थे।

## मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल प्रक्षेपण

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। भारत ने रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया है। अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिज़ाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया अपनी तरह का यह पहला प्रक्षेपण बिना किसी अतिरिक्त प्रणाली के रेल नेटवर्क पर कार्य करने की क्षमता रखता है। इससे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपण की सुविधा मिलती है। श्री सिंह ने मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई दी है।

## गृह मंत्रालय : वांगचुक के गैर सरकारी संगठन का FCRA रद्द

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। सरकार ने लद्दाख के सामाजिक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के गैर सरकारी संगठन का विदेशी अंशदान नियमन पंजीकरण प्रमाण पत्र (एफसीआरए) वित्तीय अनियमितताओं और कानूनों के उल्लंघन के कारण रद्द कर दिया है।गृह मंत्रालय ने गुरूवार को एक आदेश जारी कर कहा कि सक्षम अधिकारी ने विदेशी अंशदान नियमन अधिनियम 2010 की धारा 14(1) के तहत अधिकारों का इश्तेमाल करते हुए वांगचुक के संगठन स्टूडेन्ट्स एज्यूकेशनल एंड कल्चरल मुवमेंट आफ लद्दाख का प्रजीकरण प्रमाण पत्र तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

## भारत में स्तन और फेफडों के कैंसर मामले बढ़ा रहे हैं चिंता

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। देश में श्तन और फेफड़ों के कैंसर में न केवल बढ़ोतरी हो रही है बल्कि इनकी वजह से लोगों की मौतों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है। लैंसेट की नयी रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। इस निराशाजनक परिदृश्य में एक सकारात्मक तथ्य यह है कि कैंसर से होने वाली 40 प्रतिशत मौतें तंबाकू के सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार और उच्च रक्त शर्करा के श्तर जैसे परिवर्तनीय जोखिम कारकों से जुड़ी हैं। विशेषज्ञ इस बात पर ज़ोर देते हैं कि जीवनशैली में बदलाव और निवारक समाधान आने वाले वर्षों में कैंसर के मामलों को काफी कम कर सकते हैं।

## सोनिया ने फिलिस्तीन मामले पर केंद्र को घेरा, चुप्पी का आरोप

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार की फिलिश्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को इस मामले में नेतृत्व करना चाहिये लेकिन सरकार का रवैया मौन और व्यक्तिगत मित्रता के आधार पर दिखाई दे रहा है। श्रीमती गांधी ने फिलिश्तीन मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये कहा कि इस संबंध में सरकार का जो रवैया है उसमें मानवता और नैतिकता की उपेक्षा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के स्कूल मैदान में रामलीला की अनुमति दी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद स्थित एक स्कूल मैदान में चल रहे रामलीला समारोह को सशर्त जारी रखने की बुधवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के संबंधित आदेश पर रोक लगाते हुए फिरोजाबाद के टूंडला स्थित जिला परिषद विद्यालय मैदान में रामलीला जारी रखने की अनुमति इस शर्त पर दी कि विद्यार्थियों को कोई असुविधा न हो।

## डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने की बाद ही होगी ईवीएम के आखिरी दो चक्र की काउंटिंग



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

चुनाव आयोग ने डाक मतपत्र और इलेक्ट्रॉनिक विधि से भेजे गये डाक मत-पत्रों (ईटीपीबी) की गिनती हर हाल में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के मतों की अंतिम दो दौर की गणना से पहले पूरा कराने का निर्णय लिया है।

आयोग के इस निर्णय के अनुसार, संबंधित मतगणना केंद्रों पर डाक मत-पत्रों की गणना पूरी होने के बाद ही ईवीएम और वीवीपीएसटी के अंतिम दो दौर की गिनती करायी जायेगी।

लोकसभा और विधानसभा चुनावों में ऐसे मत-पत्रों की गिनती फिलहाल मतगणना के दिन सबसे पहले सुबह आठ बजे शुरू की जाती है और इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों (ईवीएम) के वोट और वीवीपीएटी की गिनती 8:30 बजे शुरू करायी जाती है।

आयोग ने इस निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि यह फैसला चुनाव प्रक्रिया को अधिक सुचारू और सशक्त बनाने के लिए आयोग द्वारा उठाये गये कदमों का एक हिस्सा है। आयोग इससे पहले 29 और नयी पहलें कर चुका है।

आयोग ने कहा कि मतगणना के दिन डाक मतपत्रों की स्थिति से अलग ईवीएम के मतों की गिनती चलती रहती है और सामान्यतः डाक मतपत्रों की गिनती पहले पूरी हो जाती है। पर सिद्धांत रूप से इस बात की संभावना बनी रहती है कि ईवीएम की गिनती डाक मतपत्र की गिनती से पहले खत्म हो जाये।

आयोग ने कहा है कि उसने हाल में शारीरिक अक्षमता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से वोट करने की सुविधा दी है। इसके साथ ही अब डाक से प्राप्त होने वाले मत-पत्रों की संख्या की बढ़ रही है। आयोग ने कहा है कि मतगणना की प्रक्रिया में एकरूपता और पूरी स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए तय किया गया है कि अब ईवीएम और वीवीपीएटी की गिनती के आखिरी दो चक्र की गिनती तब शुरू की जायेगी जब डाक मत-पत्रों की गिनती पूरी हो चुकी होगी। आयोग ने चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन केंद्रों के लिए अधिक संख्या में डाक मत-पत्र प्राप्त हुए हों वहां उनकी गणना के लिए पर्याप्त गणनाकर्मी और मेज आदि की सुविधा की जाए।

पिछले साल लोकसभा चुनावों की मतगणना से पहले कुछ विपक्षी दलों ने मतगणना, खास कर डाक मतपत्रों की गिनती में जिलाधिकारियों (जिला चुनाव अधिकारियों) की भूमिका को मुद्दा बनाने का प्रयास किया था। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चार जून, 2024 की मतगणना के एक दिन पहले कहा था कि डाक मतपत्रों की गिनती सबसे पहले शुरू होगी, लेकिन 2019 से लागू नियमों के अनुसार, ईवीएम की गिनती में 30 मिनट से ज़्यादा की देरी नहीं होगी।

उन्होंने कहा था कि सभी केंद्रों पर, डाक मतपत्रों की गिनती पहले शुरू होगी। उसके आधे घंटे बाद, ईवीएम की गिनती पहले शुरू होगी। ऐसा 2019 में हुआ था, 2022 के सभी विधानसभा चुनावों में हुआ था।

## सरकार ने 97 तेजस विमान खरीदने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ अनुबंध किया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय वायुसेना के वाश्ते 97 तेजस लड़ाकू विमान खरीदने के लिए हिंदुश्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 62,370 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हश्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) द्वारा इस बड़ी खरीद को हरी झंडी दिए जाने के लगभग एक महीने बाद अनुबंध पर हश्ताक्षर किए गए हैं। एयरोस्पेस क्षेत्र की इस सरकारी दिग्गज कंपनी के साथ किया गया यह दूसरा ऐसा अनुबंध है।

फरवरी 2021 में, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए जेट विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का सौदा किया था। मंत्रालय ने बताया कि भारतीय वायुसेना के लिए 62,370 करोड़ रुपये (करों को छोड़कर) की लागत से 97 तेजस हल्के लड़ाकू विमान 'एमके-1ए' और संबंधित उपकरणों की खातिर एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हश्ताक्षर किए गए हैं।

'स्वयं रक्षा कवच' से लैस इन उन्नत जेट में 64 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री और 67 नए स्वदेशी उपकरण होंगे। मंत्रालय ने बताया कि इन विमानों की आपूर्ति 2027-28 में शुरू होगी।

एकल इंजन वाला एमके-1ए, भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा। भारतीय वायुसेना इन लड़ाकू विमानों को शामिल करना चाहती है क्योंकि उसके लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या आधिकारिक तौर पर स्वीकृत 42 से घटकर 31 रह गई है। तेजस एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो उच्च-खतरे वाले हवाई वातावरण में परिचालन करने में सक्षम है।

## मोदी ने माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना की सौगात दी






✷ वेबवार्ता. बांसवाड़ा ✷

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना सहित एक लाख 22 हजार 670 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

श्री मोदी ने इस अवसर पर राजस्थान सरकार के 30 हजार 339 करोड़ रुपए से अधिक के 48 विकास कार्यों का भी शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इससे पहले उन्होंने पीएम कुसुम योजना के विभिन्न लाभार्थियों से संवाद भी किया।

प्रधानमंत्री ने राजस्थान में माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित 63 हजार 683 करोड़ रुपए की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं और बिजली निकासी पारेषण प्रणालियों की आधारशिला रखी। उन्होंने राजस्थान में 14 हजार 445 करोड़ रुपए की सात सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा जोन फेज-4 एवं फेज-5 के विभिन्न भागों से विद्युत निकासी के लिए 13 हजार 183 करोड़ रुपए की ट्रांसमिशन लाइनों के कार्यों का भी शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने पांच राज्यों में कुल 92 हजार 330 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से स्थापित होने जा रही 9.6 गीगावाट उत्पादन क्षमता की स्वच्छ ऊर्जा एवं पारेषण परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारम्भ किया।

प्रधानमंत्री ने 348 करोड़ रुपए की लागत से भोपा एवं बैतिना (जैसलमेर), नौखडा (बीकानेर) में 220 केवी के 3 जीएसएस एवं इनकी लाइनों के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही बाड़मेर जिले के शिव में लगभग 143 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 220 केवी जीएसएस का भी लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग की 20 हजार 833 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें राम जल सेतु लिंक परियोजना अंतर्गत 17 हजार 777 करोड़ रुपए की लागत से ईसरदा से रामगढ बांध (जयपुर) तक फीडर निर्माण, ईसरदा से खुरा चैनपुरा से बंध बरेठा (भरतपुर) तक फीडर निर्माण, खुरा चैनपुरा से जयसमंद (अलवर) तक फीडर निर्माण, अजमेर जिले में मोर सागर कृत्रिम रिजर्वायर निर्माण और बीसलपुर से मोर सागर कृत्रिम रिजर्वायर तक फीडर निर्माण एवं चित्तौड़गढ़ जिले की रावतभाटा तहसील में ब्राहम्णी बैराज के निर्माण के कार्य कराए जाएंगे।

## ट्रंप को लेकर कांग्रेस का प्रधानमंत्री पर कटाक्ष : दोस्त दोस्त न रहा...

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया कदमों एवं टिप्पणियों को लेकर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'दोश्त दोश्त न रहा।' 'दोश्त दोश्त न रहा' प्रख्यात पार्श्व गायक दिवंगत मुकेश के एक मशहूर गीत की एक पंक्ति है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मई 2025 के मध्य से अब तक राष्ट्रपति ट्रंप ने जो कुछ किया है, उस पर एक नज़र डालें। उन्होंने चार अलग-अलग देशों और संयुक्त राष्ट्र में 45 बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिश्तान के बीच युद्धविराम करवाया था जिसके कारण ऑपरेशन सिंदूर अचानक रुक गया था।'

उनके मुताबिक, ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिश्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की दोपहर के भोज पर मेज़बानी की थी, जबकि मुनीर वही व्यक्ति है जिसके भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से दुर्भावनापूर्ण बयानों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि तैयार की थी।

रमेश ने कहा, 'ट्रंप ने अमेरिका-पाकिश्तान आर्थिक साझेदारी को और मज़बूत करने की बात की। कुछ खबरों के अनुसार, उन्होंने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते को हरी झंडी दे दी है।' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत द्वारा अमेरिका को किए जा रहे निर्यात पर दंडात्मक शुल्क लगाए और एच1 बी वीज़ा व्यवस्था को अश्त-व्यश्त कर दिया तथा उन्होंने रूस के साथ भारत के लंबे आर्थिक संबंधों को लेकर भारत को निशाना बनाया और दंडित किया।

# उत्तराखंड सरकार ने जांच के लिए एसआईटी गठित की

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की स्नातक स्तरीय परीक्षा के प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने को लेकर प्रदर्शनों के बीच राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए बुधवार को उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एक विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) गठित की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी सरकार नकल जिहादियों को मिट्टी में मिलाने तक चैन से नहीं बैठेगी। अधिकारियों ने बताया कि पांच सदस्यीय एसआईटी का गठन 21 सितंबर को हुए इस मामले की विवेचना कर रही देहरादून की पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जया बलूनी की अध्यक्षता में किया गया है। इससे पहले, प्रदेश के मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एसआईटी गठित करने के



निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि इसकी जांच के दायरे में पूरा प्रदेश होगा और यह एक माह में अपनी रिपोर्ट देगी। बर्धन ने कहा कि राज्य सरकार के लिए छात्रों का हित सर्वोपरि है और आम जनमानस और छात्रों में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता और शुचिता बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच के लिए यह भी निर्णय लिया गया है कि यह एसआईटी, उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की पूर्ण निगरानी में कार्य करेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि एसआईटी द्वारा यह जांच प्रक्रिया एक माह में पूर्ण की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि राज्य सरकार हरिद्वार स्थित संबंधित परीक्षा केंद्र में तैनात कक्ष निरीक्षक या सुपरवाइजर या किसी भी अन्य उस व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी जिसकी लापरवाही की वजह से यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, यूकेएसएसएससी से भी अनुरोध करेगी कि जब तक यह जांच पूरी न हो तब तक के लिए इस परीक्षा के संबंध में आगे कोई कार्यवाही न की जाए। आयोग द्वारा रविवार को आयोजित स्नातक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नपत्र के तीन पन्नों की फोटो के 'स्क्रीनशॉट' सोशल मीडिया पर सामने आए थे, जिनमें फोटो लिए जाने का समय परीक्षा शुरू होने के कुछ ही देर बाद का दिखाई दे रहा था। इस मामले में पुलिस ने परीक्षा में अभ्यर्थी के रूप में शामिल हुए मुख्य आरोपी खालिद मलिक और उसकी बहन साबिया को हरिद्वार से गिरफ्तार किया है।

# घर के बाहर टहल रही महिला पर सांड का हमला

**नोएडा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में घर के बाहर टहल रही एक बुजुर्ग महिला को सांड ने उठाकर पटक दिया। सींग महिला के पेट में घुस गया । लहूलुहान महिला को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। गांव के लोगों ने बताया कि आवारा सांड पिछले दिनों में गांव के कई लोगों पर हमला कर चुके हैं।

पुलिस के मुताबिक देवटा गांव की 75 साल की शांति देवी बुधवार तड़के अपने घर के बाहर गली में किसी काम के लिए निकली थीं। वह जैसे ही दूसरी गली के मोड़ पर पहुंची, तभी अचानक सामने से आ रहे एक सांड ने उनपर हमला कर दिया। सांड ने सींग के बल पर महिला को उठा लिया और रास्ते पर पटक दिया। सींग से महिला का पेट फट गया और सड़क पर गिरने से सिर में गंभीर चोट आई। महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जैसे-तैसे हमलावर सांड को भगाया। परिजनों और ग्रामीणों ने गंभीर अवस्था में घायल महिला को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

## धामपुर में शिव मंदिर में माता रानी की चौकी का आयोजन, भक्ति गीतों से गूंजा वातावरण

**✷ एनसीआर टुडे. धामपुर ✷ ।** मोहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ़ सभा (सुनारों वाला शिव मंदिर) में महिला कमेटी के तत्वावधान में नवरात्रों के शुभ अवसर पर माता रानी जी की चौकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक वर्मा एवं उनकी जागरण पार्टी ने किया। मुख्य यजमान के रूप में डॉ. अंकुर वर्मा, सोनी वर्मा, सतीश वर्मा, सुमन वर्मा, नरेश वर्मा, उमा वर्मा, डॉ. शंकर भारद्वाज व रेनू भारद्वाज रहे। जागरण पार्टी ने "ठुमक ठुमक चली आना मैया जी मेरे अंगना में", "मुझे घुंघरू बना लीजिए मैया जी", "पालकी में होके सवार मैया जी आई मेरे द्वार", "केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम श्रीराम जी से कह देना" जैसे मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों से मंदिर परिसर भक्ति रस में डूब गया और माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा। इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, बीना वर्मा, नमीता वर्मा, उमा वर्मा, कंचन वर्मा, सोनी वर्मा, सुमन वर्मा, नेहा वर्मा, ज्योति वर्मा, अंबिका वर्मा, कोच्चि वर्मा, पायल वर्मा, पूजा वर्मा, शालिनी वर्मा, तनु वर्मा, पूनम वर्मा, प्रीति वर्मा, उर्मिला वर्मा, रेनू भारद्वाज, मीनू आर्य, रीता शर्मा, पूजा शर्मा, रीता विश्नोई, रेनू तोमर, सोमवती, प्रेमवती सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. सुरेंद्र वर्मा, डॉ. शंकर भारद्वाज, सतीश वर्मा, नरेश वर्मा, पंकज वर्मा, टिल्लू वर्मा, जितेंद्र वर्मा, गुड्डू, सुनील वर्मा, विजय वर्मा, रिंकू वर्मा आदि पुरुषों ने भी कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

## डॉक्टर की बाइक चोरी, पुलिस पिकेट के पास वारदात, सीसीटीवी में कैद

**✷ एनसीआर टुडे. चांदपुर ✷ ।** चोरों का आतंक। चोरों ने पुलिस पिकेट के पास डॉ. के घर के बाहर से बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर करीब 10 मिनट में बाइक ले जाने में सफल हुए। पुलिस पिकेट के पास से बाइक चोरी होना कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। मामले के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र में स्याऊ अड्डे पर बीकानेर रेस्टोरेंट के पीछे डॉक्टर सरफराज के घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। डॉक्टर सरफराज की काली स्प्लेंडर बाइक (उप 20 बीक्यू 3532) को अज्ञात चोर ले गए। घटना 24 सितंबर की शाम की है। डॉक्टर के बेटे ने शाम 7:12 मिनट पर बाइक घर के बाहर पार्क की थी। करीब 13 मिनट बाद जब देखा तो बाइक गायब थी। उनका आरोप है कि घटनास्थल के पास पुलिस पिकेट होने के बावजूद चोर बाइक ले जाने में सफल रहे। डॉक्टर सरफराज ने तुरंत थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। सीसीटीवी फुटेज में चोर को बाइक ले जाते देखा गया, लेकिन उसका चेहरा स्पष्ट नहीं है। पीड़ित ने पुलिस से बाइक बरामद करने की मांग की है।

## पुलिस और गोकशी के आरोपियों की मुठभेड़ दो गिरफ्तार, जीन फरार

**✷ एनसीआर टुडे. चांदपुर ✷ ।** चांदपुर पुलिस ने गोकशी के दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तख्तपुर गोकशी कांड में शामिल लोग चांदपुर से अम्हेड़ा की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार 5 संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। संदिग्धों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों के पैर में गोली लगी। तीन अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कमालपुर निवासी शहजाद पुत्र भुल्लन और भुल्लन पुत्र अल्लाह दिया के रूप में हुई है। फरार आरोपियों में रसूलपुर नंगला के अजीम उर्फ छंगा और वसीम पुत्रगण याकूब और एक अन्य शामिल हैं।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा सेना देश के विकास के लिए निरंतर कर रही कार्य : मंत्री

### उपवन वाटिका के लोकार्पण के साथ ही पंडित जी की प्रतिमा का अनावरण

**✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷**



एकात्म मानववाद एवं अन्त्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के 109 वें जन्मजयंती समारोह के उपलक्ष में जिले में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग डॉ. दयाशंकर मिश्र ''दयालु'' एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह ने सर्वप्रथम डीडीयू चिकित्यालय के निकट रामघाट-कल्याण मार्ग पर नवनिर्मित पं. दीनदयाल को समर्पित स्वागत द्वारा का लोकार्पण किया।

इसके उपरांत मंत्रीगण का काफिला आगे बढ़ा जहां डीडीयू चिकित्सालय में लगाए गए वृहद स्वास्थ्य शिविर का विधायकगणों के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में मंत्री ने प्रदत्त की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया और टीबी मरीजों को 100 पोषण पोटली का वितरण भी किया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में जुड़कर अपरिहार्य कारणवश अलीगढ़ न आने पर खेद प्रकट करते हुए अपना संबोधन आरम्भ किया और पंडित जी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश भर में जन-जन को जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। यही अन्त्योदय के जनक पं0 उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि है। मोदी के नेतृत्व में देश भर में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने का कार्य किया गया।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग डॉ0 दयाशंकर मिश्र ''दयालु'' ने कहा कि 25 सितम्बर 1916 को जन्मे पंडित जी ने अपने छोटे से जीवनकाल में ही अपने विचारों के रूप में हमें अमूल्य शक्ति दी है।

उन्होंने बताया कि 10 व 11 फरवरी की रात्रि में लखनऊ से पटना जाते समय मुगलसराय रेलवे स्टेशन पर रहस्यमयी ढंग से उनका शव मिला और वह असमय काल के गाल में चले गए। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि आज का दिन पंडित जी का नमन करने का दिन है। आज हमारा संगठन और हमारी सरकार पंडित जी के अन्त्योदय के संकल्प और एकात्म मानववाद की भावना से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास कार्यों तक पहुँचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास ऊपर से नीचे नहीं बल्कि नीचे से ऊपर होना चाहिए और मुझे गर्व है कि मैं ऐसे संगठन और सरकार का हिस्सा हूँ। सत्ता, सेवा और भाव का माध्यम होना चाहिए, आज डीबीटी के माध्यम से शासकीय योजनाएं बिना किसी भेदभाव के सीधे लाभार्थी तक पहुँच रही हैं।

विधायक बरौली ठा0 जयवीर सिंह ने कहा कि पं0 दीनदयालय उपाध्याय के अन्त्योदय की सोच और सपने को मोदी और योगी साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी वाश्तविक तौर पर एक सफल राजनेता हैं जो पण्डित जी की विचार धारा को अमली जामा पहनाने में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ठा0 रघुराज सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत विजय सिंह,एमएलसी डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक छर्रा ठा0 रवेन्द्रपाल सिंह, विधायक इगलास राजकुमार सहयोगी, सदस्य राज्य महिला आयोग मीना कुमारी, ब्लॉक प्रमुख ठा0 हरेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा धर्मवीर सिंह लोधी, अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अख्तर पहलवान, रामसखी कठेरिया, पूनम बजाज, पूर्व महापौर शकुन्तला भारती समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। अन्त महानगर अध्यक्ष इंजी0 राजीव शर्मा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन राजनारायण सिंह द्वारा कुशल संचालन किया गया।

## अनिल कुमार राणा बने उत्कृष्ट परियोजना कार्य समिति परिक्षेत्र मुरादाबाद के सदस्य

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷**

प्रबंध कमेटी सहकारी गन्ना विकास समिति लि. नगीना के अध्यक्ष अनिल कुमार राणा को 'उत्कृष्ट परियोजना



कार्यसमिति' परिक्षेत्र -मुरादाबाद का सदस्य नामांकित किये जाने पर उनके समर्थकों व परिजनों में ख़ुशी का माहौल है।यहाँ यह बताते चलें कि उत्कृष्ट परियोजना कार्यसमिति गन्ना क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चीनी मिल, सहकारी गन्ना विकास समिति, गन्ना कृषकों,महिला व स्वम सहायता समूह तथा युवा गन्ना किसानो को पुरस्कृत करने वाली समिति है।इस छः लोगो की समिति में अध्यक्ष,संयोजक, सचिव के अतिरिक्त तीन सदस्य होते है। लम्बे समय से इसमें एक सदस्य का पद रिक्त चल रहा था इस पद पर अब गन्ना विकास समिति लि. नगीना के अध्यक्ष अनिल कुमार राणा की नियुक्ति हुई है।

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान व अरविंद गहलोत, भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, सहदेव भारद्वाज, अंजलि मित्तल,पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल,कृष्णबलदेव सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कुलदीप त्यागी, संदीप वर्मा,दिनेश त्यागी, सौरभ मित्तल, नीरज विश्नोई, शिवशंकर सक्सेना, गन्ना समिति नगीना के उपाध्यक्ष कपिल चौधरी, गन्ना समिति नगीना के डायरेक्टर पंकज चौहान, कमल सिंह,समर सिंह, उदयराज सिंह, भूरे प्रधान, मुकेश राजपूत भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री हरिराज सिंह, यशपाल सैनी, मेघराज सिंह, सुरेश भगत, रामवीर सिंह, दीपक चौहान, सतेन्द्र चौहान, त्रिवेंद्र चौहान, ओमप्रकाश सैनी, अरुण शर्मा, पंडित सचिन शर्मा,डॉ टीकम सिंह, भूपेंद्र सिंह, अर्नव चौधरी, सिद्धार्थ चौधरी, शिवम मित्तल, गर्वित चौधरी, धर्मेंद्र राठी, आदि ने उनकी इस नियुक्ति पर शुभकामनायें व बधाई दी।

## पूर्वोत्तर में ड्रग्स पर बड़ी चोट ! 100 करोड़ से ज़्यादा के नशीले पदार्थ जब्त

**गुवाहटी, एजेंसी।**
असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कछार जिले से 90 करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिबंधित 'याबा टैबलेट' जब्त की गईं और इस सिलसिले में दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कछार जिले से 90 करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिबंधित 'याबा टैबलेट' जब्त की गईं और इस सिलसिले में दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया। याबा को थाई में 'क्रेजी मेडिसिन' कहा जाता है, जो एक शक्तिशाली और नशीला उत्तेजक पदार्थ मेथामफेटामीन और कैफीन के मिश्रण वाली एक गोली है।

बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में शर्मा ने कहा किखुफिया जानकारी के आधार पर कछार जिला पुलिस ने पड़ोसी राज्य से आ रहे एक वाहन को रोका और 90 करोड़ रुपये मूल्य की तीन लाख 'याबा टैबलेट' जब्त कीं। उन्होंने बताया कि इस अभियान में पुलिस ने वाहन में सवार दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया।

वहीं दूसरी तरफ असम राइफल्स के जवानों ने म्यांमा सीमा के पास मिजोरम के चम्फाई जिले में 11.4 करोड़ रुपये मूल्य की 1.37 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। अर्धसैनिक बल ने बुधवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। विश्वसनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स के जवानों ने मंगलवार को जोखावथर कस्बे में तीन व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे एक छिपाया हुआ थैला उठाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इलाके की गहन तलाशी के बाद हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 11.4 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया कि जब्त माल को तीन आरोपियों के साथ उसी दिन चम्फाई में सीमा शुल्क और नारकोटिक्स विभाग को सौंप दिया गया।

# मॉल के टॉयलेट में मुंह दबाकर बीएससी की छात्रा से रेप, धमकी भी दी

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के नगर कोतवाली क्षेत्र में बीएससी की छात्रा से दोस्त द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। छात्रा के मुताबिक आरोपी उसे मूवी दिखाने मॉल में ले गया। वहां नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर शौचालय में उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर उसने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। विजयनगर थानाक्षेत्र में रहने वाली पीड़िता का कहना है कि उत्तराखंड के एक विश्वविद्यालय में बीएससी तृतीय वर्षीय की छात्रा है। वह जून 2025 में विजयनगर थानाक्षेत्र में ही रहने वाले अपने ताऊ के घर आई थी। छात्रा के मुताबिक राकेश मार्ग निवासी आयुष उसका अच्छा दोस्त था। वह उसके साथ आठ जून 2025 को नगर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक मॉल में मूवी देखने गई थी। मूवी की टिकट आयुष ने ऑनलाइन बुक की थी, लेकिन सात जून की शाम 7.40 बजे ही उसने अपने टिकट के 200 रुपये ऑनाइन भेज दिए थे। छात्रा का कहना है कि मॉल के सिनेमाघर में जाने से पहले आयुष ने उसे कोल्डड्रिंक पीने को दी। उसे पीते ही वह बेसुध होने लगी। उल्टी आने का अहसास होने लगा तो वह मॉल की पहली मंजिल पर बने शौचालय में चली गई। आरोप है कि पीछे से आयुष आ धमका और मुंह बंद करके उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। छात्रा का कहना है कि उसने विरोध करने का काफी प्रयास किया, लेकिन नशीला पदार्थ और बेसुध होने के कारण वह कुछ नहीं कर सकी। पीड़िता के मुताबिक आयुष ने कहा कि उसके पास उसके अश्लील फोटो-वीडियो हैं। अगर किसी को बताया तो वह उन्हें वायरल कर देगा। पीड़िता का कहना है कि आयुष ने उसे ब्लैकमेल करते हुए रुपये की मांग भी शुरू कर दी। चांदी का सिक्का,पर्स और बेल्ट भी दबाव देकर ले ली। छात्रा का कहना है कि आयुष की धमकी से वह गुमसुम रहने लगी। मानसिक अवसाद का इलाज भी कराया। हालत बिगड़ने पर मां ने पूछा तो उसने सारी बात बता दी। इसके बाद माता-पिता ने आयुष के परिजनों से संपर्क किया तो उन्होंने अपना रसूख दिखाते हुए उन्हें दबाव में लेने की कोशिश किया। मामला रफा-दफा करने के लिए पैसे देने का भी प्रयास किया। इसके बाद उन्होंने आयुष को चेन्नई भेज दिया।

# सड़क पर स्टंट और तलवार से काटा केक

### 15 युवक अरेस्ट; हाईकोर्ट बोला- गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं

**बिलासपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्गों और सार्वजनिक सड़कों पर लगातार हो रहे स्टंट, गुंडागर्दी और तलवार से केक काटकर जन्मदिन मनाने जैसी घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि सड़क पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बी.डी. गुरु की खंडपीठ ने राज्य सरकार और पुलिस को कड़ी चेतावनी देते हुए दोषियों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने तक की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**9 नाबालिग सहित 15 युवक हिरासत में लिए गए:** हाईकोर्ट को बताया गया कि रायपुर के खरोरा क्षेत्र में युवकों ने हाइवे पर पटाखे जलाते हुए केक काटा, वहीं बिलासपुर रतनपुर बायपास



रोड पर कुछ लड़कों ने तलवार से केक काटकर जन्मदिन मनाया था। इस दौरान ट्रैफिक जाम और दहशत का माहौल बना। पुलिस ने बिलासपुर की घटना में 15 युवकों को हिरासत में लिया है, जिनमें 9 नाबालिग हैं। तलवार और वाहन जब्त कर बीएनएस की धारा 126(2), 191(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत केस दर्ज किया गया है। हाई कोर्ट ने बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक और रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि वे स्टंट ड्राइविंग और सड़क पर उपद्रव रोकने के लिए अपनाए गए निवारक कदम, जागरूकता अभियान और अब तक हुई कार्रवाई का विस्तृत हलफनामा पेश करने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट कहा कि जब्त सभी वाहन कोर्ट की अनुमति के बिना किसी हालत में रिहा नहीं किए जाएंगे और दोषियों के लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जानकारी भी पेश करनी होगी।

हाईकोर्ट ने इससे पहले बिलासपुर के मस्तूरी रोड पर कार चालकों के खतरनाक स्टंट पर स्वतः संज्ञान लिया था। ग्राम लावर स्थित एक फार्म हाउस में जन्मदिन मनाने जा रहे कुछ युवक मस्तूरी रोड पर अपनी चलती कारों में स्टंटबाजी कर रहे थे। लापरवाही से कार चलाकर राहगीरों की जान जोखिम में डाल रहे थे। इन लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-49 पर यातायात जाम की स्थिति भी पैदा कर दी थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में पुलिस ने 18 कारों को जब्त किया था। कारों में पाए गए व्यक्तियों पर कार्रवाई भी की गई थी।

# अयोध्या सपा सांसद अवधेश प्रसाद ही करने लगे योगी से बुलडोजर चलाने की मांग

**अयोध्या , एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश के अयोध्या में पुलिस चौकी क्षेत्र में सेक्स रैकेट के खुलासे से सियासत गरमा गई है। सपा के सांसद अवधेश प्रसाद ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम की मर्यादा की धरती अयोध्या इस प्रकरण से कलंकित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि फतेहगंज चौकी से चंद मीटर की दूरी पर पुलिस के संरक्षण में चकलाघर संचालित हो रहा था, लेकिन उच्चाधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। सांसद ने योगी सरकार से मांग की कि जिस मकान में यह रैकेट चल रहा था, उस पर बुलडोजर चलाया जाए और अब तक इस अवैध धंधे में मिलीभगत रखने वाले



चौकी प्रभारियों पर कठोर कार्रवाई हो।

अवधेश प्रसाद ने चेतावनी दी कि यदि कठोर कदम नहीं उठाए गए तो वे इस मुद्दे को लोकसभा में उठाएंगे। उन्होंने बुधवार को सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित बैठक के दौरान ये बातें कहीं। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, बख्तियार खान, कुंवर बहादुर सिंह, रामजी पाल और शावेज जाफरी भी मौजूद रहे। सांसद ने बताया कि यह चकलाघर खीर गली मोहल्ले में संचालित किया जा रहा था। हैरानी की बात है कि इसके ठीक बगल में मां संतोषी का मंदिर और एक मस्जिद भी स्थित है। उन्होंने कहा कि इस अवैध गतिविधि ने पूरे मोहल्ले के सामाजिक माहौल को दूषित कर दिया है। युवाओं और युवतियों की शादियों में दिक्कतें आ रही हैं, कई बेटियों के रिश्ते टूट गए। अवधेश प्रसाद ने आरोप लगाया कि चकलाघर संचालक का मोहल्ले में आतंक था। यदि कोई शिकायत करता तो उसे पुलिस के माध्यम से उत्पीड़न की धमकी दिलाई जाती थी।

# हिमाचल से विदा हुआ मानसून, एक हफ्ते तक खिलेगी धूप

### 454 लोगों की गई जान, 50 लापता

**शिमला, एजेंसी।**
कहर बरपाने के बाद आखिरकार हिमाचल प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम मानसून विदा हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि बुधवार को चंबा, कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन, सिरमौर, मंडी जिलों सहित शिमला और कुल्लू के अधिकांश हिस्सों तथा लाहौल-स्पीति के कुछ भागों से मानसून पूरी तरह लौट गया। आने वाले 2 से 3 दिनों में प्रदेश के शेष हिस्सों से भी मानसून विदा हो जाएगा। विभाग ने अनुमान जताया है कि अब 30 सितम्बर तक पूरे राज्य में मौसम साफ रहेगा और लोगों को गुनगुनी धूप का आनंद मिलेगा। बीते 24 घंटों में प्रदेश में कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं हुई है।



इस साल मानसून 20 जून को हिमाचल पहुँचा था और सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। प्रदेश से मानसून की सामान्य विदाई तिथि 25 सितम्बर होती है, लेकिन पिछले दस वर्षों में केवल तीन बार ही सितंबर में विदाई हुई है। वर्ष 2022 में मानसून 3 अक्टूबर, 2023 में 6 अक्टूबर और 2024 में 2 अक्टूबर को विदा हुआ था। इस बार यह सामान्य से पहले लौट गया है।

हालांकि यह मानसून हिमाचल के लिए भारी तबाही लेकर आया। राज्य आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार अब तक 454 लोगों की मौत हो चुकी है और 50 लोग अभी भी लापता हैं। मृतकों में सर्वाधिक 68 लोग चंबा जिले में, मंडी में 67, कांगड़ा में 57, कुल्लू में 49, शिमला में 48, सोलन में 32, किन्नौर में 30, ऊना में 29, बिलासपुर में 24, सिरमौर में 23, हमीरपुर में 17 और लाहौल-स्पीति में 10 लोगों की जान गई। लापता लोगों में सबसे ज्यादा 30 मंडी से हैं, जबकि चंबा से 5, सिरमौर से 4, शिमला और किन्नौर से 3-3, कुल्लू और कांगड़ा से 2-2 और लाहौल-स्पीति से एक व्यक्ति लापता है।

## दो सड़क हादसे में बाइक सवार और मॉर्निंग वॉक कर रहे व्यक्ति की मौत, एक घायल

**एनसीआर टुडे. बिजनौर**। जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा नहटौर थाना क्षेत्र में हुआ। गांव खजुरा जट निवासी 50 वर्षीय रामप्रसाद अपने बेटे विवेक के साथ बाइक पर जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रामप्रसाद की मौत हो गई। रामप्रसाद किसान थे और उनके दो बेटे हैं। दूसरा हादसा मंडावली थाना क्षेत्र में हुआ। गाजीपुर मोहन निवासी 40 वर्षीय खुशीराम सुबह टहलने निकले थे। एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में खुशीराम की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ चल रहे दीपक पुत्र राजवीर घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खुशीराम खेती-किसानी करते थे और उनकी दो बेटियां हैं। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है।

## मां भगवती जागरण व रामायण पाठ के समापन पर श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने अनुरोध

**एनसीआर टुडे. नगीना**। मां भगवती जागरण व रामायण पाठ का आयोजन पिछले तीन दिनों से लगातार लव नर्सिंग होम डायरेक्टर डॉ. मोहन सैनी व डॉ. सुमन सैनी के यहां चल रहा है। जिसका समापन आज शुक्रवार को हो रहा है इसमें सभी क्षेत्रवासियों के श्रद्धालुओं से डॉक्टर सैनी ने अनुरोध किया है कि मां भगवती के जागरण का प्रसाद ग्रहण करने शुक्रवार की सायं व शनिवार की प्रातः ज्यादा से ज्यादा संख्याओं में जरूर पहुंचे उधर डॉक्टर मोहन सैनी ने बताया कि मैं पिछले कई वर्षों से मां भगवती का जागरण व रामायण पाठ करवाता चला आ रहा हूं जिसका लाभ मुझे व मेरे परिवार तथा सभी क्षेत्र के श्रद्धालु तक पहुंच रहा है।

## PM "विदुर ब्रांड स्वदेशी का प्रतीक"

**एनसीआर टुडे. बिजनौर**। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आज विदुर ब्रांड की सचिव श्रीमती जूली देवी, ग्राम राजारामपुर खादर, जनपद बिजनौर ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर श्रीमती जूली देवी ने विदुर ब्रांड की स्थापना, उपलब्धियों और ग्रामीण महिलाओं की आजीविका वृद्धि में इसके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद बिजनौर में विदुर ब्रांड के अंतर्गत 150 से अधिक विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं,। जिन्हें विदुर स्टोर के माध्यम से बेचा जा रहा है और इसका सीधा लाभ स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने विदुर ब्रांड की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे "स्वदेशी का प्रतीक" बताया और कहा कि यह ग्रामीण आत्मनिर्भरता एवं महिला उद्यमिता का प्रेरणादायक मॉडल है। इस पहल को सफल बनाने में जिला प्रशासन बिजनौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।, जिसने न केवल उत्पादों की गुणवत्ता, विपणन और ब्रांडिंग को गति दी बल्कि SHG महिलाओं को निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन भी प्रदान किया।

## कादराबाद में धूमधाम से निकली श्री राम की बारात

**एनसीआर टुडे. अफजलगढ़**। श्री रामलीला कमेटी द्वारा ग्राम कद्राबाद में राम बारात बड़े धूमधाम से निकाली गई। राम बारात में अखाड़े व विभिन्न प्रकार झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। बृहस्पतिवार को गांव कद्राबाद में बड़े शिव मंदिर से पंडित संपूर्ण ध्यानी ने विधि विधान के साथ साथ के साथ राम बारात शुभारंभ किया गया।राम बारात बैड बाजो के साथ बड़े शिव मंदिर कद्राबाद से आरंभ होकर गांव के विभिन्न मोहल्ले में होते हुए कद्राबाद बस स्टैंड बीएसए इंटर कॉलेज कद्राबाद ग्राम विजयनगर होता हुआ वापस बड़े शिव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ राम बारात में विभिन्न प्रकार की झांकियां बनाई गई जो लोगों का आकर्षण का केंद्र बनी रही आगे राम लक्ष्मण की झांकियां चल रही थी पीछे-पीछे राम की बारात में आए हुए लोग चल रहे थे। ढोल नगाड़ों के साथ झूमते हुए राम बारात का ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया तथा जलपान कराया। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अमरपाल सिंह ने बताया की ग्राम कद्राबाद में पिछले 50 वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है।

## नगीना फाटक आज ट्रेफिक यातायात के लिए बन्द रहेगा

**एनसीआर टुडे. नगीना**। रेलवे फाटक 471/B यातायात ट्रेफिक के लिये बन्द किया गया है। रेलवे फाटक पर रेलवे ट्रैक के स्लीपर की कंडीशन काफी खराब हो गई है जो की रेल गाड़ियों के सुरक्षित आवागवन के लिए खराब स्लीपर को बदलना व ट्रैक की मरम्मत का कार्य होना है। इसके लिए दिनांक 26सितंबर 2025सुबह 6:00 सेदिनांक 29सितंबर शाम 6:00 बजे तक छोटे वाहन तथा बड़े वाहन यातायाता के लिए चार दिन रेलवे फाटक बंद कर दिया गया है । बन्द के समय छोटे तथा बड़े वाहन बाई पास से जाएंगे ।इसकी जानकारी सीनियर सेक्शन इंजीनियर ( पी० पे० ) उत्तर रेलवे धामपुर के द्वारा एक प्रेस नोट के जरिए दी गई ।

## श्री राम बारात शोभायात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई

**एनसीआर टुडे. नहटौर**। श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से नगर में श्रीराम बारात शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। शुभारंभ मुख्य अतिथि नागेंद्र त्यागी ने किया। श्री राम बारात शोभायात्रा पूर्व माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर एजेंसी चौराहा, मौहल्ला जोशीयान, मौलवीयान, मेन बाजार, धर्मशाला, कासमपुर लेखराज से होती हुई रामलीला प्रांगण में पहुंचकर सम्पन्न हुई। बारात का कई जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बारात में सबसे आगे घोड़े पर सवार ध्वजवाहक चल रहा था। बारात में भगवान गणेश, राम लक्ष्मण, माता वैष्णो देवी, राम दरबार, गुरू विशिष्ठ, भैरो बाबा, देश भक्ति, गुरू विश्वामित्र, कबूतर, माता शेरावाली, शिव बारात, राधा कृष्ण, शिव परिवार, काली का अखाड़ा आदि बत्तीस झांकियां व अखाडे शामिल रहे।

# दो कारों की भिड़ंत में महिला व बच्चों समेत 7 घायल

**एनसीआर टुडे. झालू**

खारी से कुछ दूरी पर पंजाब फार्म के पास गुरुवार को दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में बड़ा हादसा हो गया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक कार सड़क पर पलट गई। हादसे में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक बच्चा और एक महिला भी शामिल हैं।

हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। सूचना मिलने पर झालू चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाकर यातायात बहाल कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक कार में सवार छह लोग थाना नगीना के पास गांव नंगली में शादी समारोह से लौटकर दिल्ली जा रहे थे। तभी खारी से कुछ दूरी पर पंजाब फार्म के पास उनकी कार की टक्कर बिजनौर से लौट रहे विशेष पुत्र करतार सिंह की गाड़ी से हो गई। विशेष अपने बच्चे को डॉक्टर से छुट्टी कराकर घर गांव फड़ियापूर ले जा रहे थे। इस हादसे में नगीना से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी में सवार रियासत पुत्र मुबारक हुसैन, मोहम्मद यासिर, लियाकत हुसैन पुत्र नासिर हुसैन, शकिला पत्नी शराफत (नंगली निवासी), दूसरी गाड़ी में सवार विशेष पुत्र करतार सिंह तथा उनका छह वर्षीय पुत्र शुभ पुत्र विशेष ग्राम फड़ियापूर घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय पुलिस और लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। झालू चौकी से सिपाही अमित कुमार, राजीव कुमार, शुभम राठी ने अपने सीनियर को जानकारी दी।



## स्योहारा के गांव में विवाद के चलते युवक पर हमला

**एनसीआर टुडे. बिजनौर**



स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामाबाद में गुरुवार को एक व्यक्ति पर गांव के ही दो लोगों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल की पहचान समरपाल सिंह (45 वर्ष), पुत्र नन्ने सिंह के रूप में हुई है।

घायल की पुत्री सोनी ने बताया कि किसी विवाद के चलते समरपाल सिंह पर गांव के दो लोगों ने धारदार हथियार से हमला किया। हमले में गंभीर रूप से घायल समरपाल को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सूचना मिलते ही स्योहारा थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। धामपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय भी मौके पर पहुंचकर स्योहारा पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

फिलहाल हमले के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं, लेकिन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्योहारा थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार किया जाएगा और आरोपियों की तलाश जारी है।

गांव में शांति बनी हुई है और पुलिस प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है।

# गुलदार के हमले से खेत में काम कर रहा किसान घायल



**एनसीआर टुडे. बिजनौर**

जनपद में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। ताज़ा मामला कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव इस्लामपुर बेगा से सामने आया है। जहां खेतों में काम कर रहे किसान धर्मवीर पर अचानक गुलदार ने हमला बोल दिया।

किसान किसी तरह अपनी जान बचाने के लिए भागा लेकिन पीछा करते हुए गुलदार ने उसे धर दबोचा। इस खौफनाक नज़ारे को देख ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई।

ग्रामीणों ने साहस दिखाकर लाठियों और शोर-शराबे से गुलदार को भगाया और बेहोश पड़े किसान धर्मवीर को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि समय रहते ग्रामीण पहुंच गए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

बताया जा रहा है कि पिछले एक हफ्ते से 3 से 4 गुलदार इस गांव और आसपास के इलाकों में लगातार घूम रहे हैं, जिसकी वजह से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

अब तक बिजनौर जिले में 35 से ज्यादा लोग गुलदार का शिकार बन चुके हैं, लेकिन वन विभाग अभी तक इन खूंखार गुलदारों को पकड़ने में नाकाम साबित हुआ है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग तब तक कार्रवाई नहीं करता जब तक कोई बड़ी घटना नहीं हो जाती।

गांव के लोग अब रात में घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं और दिन में भी खेतों में काम करना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से गुलदार को पकड़ने और गांव को सुरक्षित बनाने की गुहार लगाई है।

**मंडी समिति के सचल दल का अभियान दूसरे दिन भी जारी**

# बिना कागजात के चावल पर लगाया जुर्माना



**एनसीआर टुडे. नजीबाबाद**

मंडी समिति के सचल दल ने दूसरे दिन भी अभियान चलाते हुए चोरी छिपे चावल उतार रही एक पिकअप को पकड़ लिया जब चालक से चावल के कागजात मांगे गए तो वह कोई भी कागजात नहीं दे सका। मंडी ने कागजात न दिखाने पर इक्कीस हजार एक सौ बीस रुपए का जुर्माना लगाया है।

जानकारी के अनुसार मंडी के उपसभापति एसडीएम शैलेंद्र कुमार के निर्देशन में मंडी सचिव सचिन शर्मा एवं मंडी निरीक्षक कुमारी खुशनुमा ने चोरी से चावल उतार रही एक पिकअप संख्या यूपी 22 बीटी 5595 को पकड़ लिया जिसमें करीब 40 कुंतल चावल भरा हुआ था जो नगर के एक व्यापारी के यहां उतार रहा था।

जब चालक को कागजात न दिखाने पर मंडी चलने के लिए कहा तो उसने विरोध करना शुरू कर दिया। सचल दल ने मौके पर पुलिस को बुला लिया और गाड़ी को मंडी में लेकर चले गए। नगर में जिस व्यापारी के यहां चावल उतर रहा था वह व्यापारी भी गाड़ी के पकड़े जाने पर इस माल को अपना बताने से इंकार करने लगा। व्यापारी नेताओं की सिफारिश का जब कोई असर नहीं हुआ तो चालक ने मंडी का जुर्माना इक्कीस हजार एक सौ बीस रुपया मंडी के खाते में जमा कर दिया। समन शुल्क जमा करने के बाद मंडी ने पिकअप को छोड़ दिया।

**अवैध कारोबार करने वालों को किया जाएगा चिन्हित**

मंडी समिति के सचिव सचिन शर्मा ने एलान करते हुए कहा कि अवैध कारोबार करने वालों को चिन्हित कर सरकार का राजस्व बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि या तो अवैध कारोबार छोड़ दे अन्यथा समन शुल्क भरने के लिए तैयार रहे। विनिर्दिष्ट कृषि उत्पादन पर 9 आर, गेट पास या प्री अराइवल स्लिप ना होने की दशा में मालिकों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

**लगातार कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप**

मंडी समिति की लगातार कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। माल मालिक भी माल के पकड़े जाने पर साफ-साफ मुकर रहे हैं।

बताया जाता है कि यह माल टांडा से नजीबाबाद में किसी व्यापारी के पास आया था पकड़े जाने पर जो मुकर गया।

## गुलदार पीड़ित परिवारों से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

पुलिस को चकमा देकर पहुंचे नेता, मृतकों के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन

**एनसीआर टुडे. बिजनौर**

बिजनौर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर पार्टी का प्रतिनिधिमंडल गुलदार



पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचा। करीब दो महीने पहले आदमखोर गुलदार ने कई महिलाओं और बच्चों की जान ली थी।

प्रशासन ने जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह समेत कई कांग्रेस नेताओं को एक दिन पहले हाउस अरेस्ट कर दिया गया था।

देर शाम कुछ नेता पुलिस को चकमा देकर नजीबाबाद तहसील के राम दास वाली, मस्सोपुर, मथुरापुर, नया गांव नगीना तहसील के कंदरावाला में पीडित परिवारों से मिलने पहुंचे। पीड़ित परिवारों ने बताया कि जिलाधिकारी ने कुछ परिवारों को 4 लाख और कुछ को 5 लाख रूपये की सहायता दी है। वन विभाग की ओर से घोषित 1लाख रूपये अभी तक नहीं मिले हैं।

प्रशासन ने तीन बीघा जमीन का पट्टा देने की बात कही थी। अब तक केवल दो परिवारों को पट्टा मिला है, चार परिवार अभी भी इंतजार कर रहे हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पीडितों से फोन पर बात की और पूरी पार्टी के समर्थन का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मिलकर पीड़ित की मांगे पूरी कराने का वादा किया है।

डेलिगेशन में शामिल कांग्रेस चिकित्सा प्रदेश कोआर्डिनेटर डां आजाद बेग, जिला उपाध्यक्ष मिस बाबुल हसन, रामपुर के कोआर्डिनटर ठाकुर उत्तम सिंह, दीपक चौहान उपाध्यक्ष, जावेद अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन, इश्तेखार शेख, अशोक कुमार सचिव आदि शामिल रहे।

# साहू जैन महाविद्यालय में मिशन शक्ति पर विशेष अभियान आयोजित

**एनसीआर टुडे. बिजनौर**





साहू जैन महाविद्यालय में 'मिशन शक्ति' विशेष अभियान फेज -5.0 के अंतर्गत सोशल मीडिया कैम्पैन तथा टी. बी. मुक्त अभियान के अंतर्गत 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसमें 'हिंसा को ना कहें, शिक्षा के लिए हाँ कहें, सशक्तिकरण के लिए हाँ कहें' पर जोर देते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य, परिवार की सशक्त भूमिका और क्षयः रोगों से मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संदेश साझा किये गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सी.ओ. नीतेश प्रताप, विशिष्ट अतिथि एस. एच. ओ. श्री राहुल प्रताप सिंह, तथा पुलिस उपनिरीक्षक पायल, श्री सुभाष राणा तथा पुलिस स्टाफ उपस्थित रहें। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. बी. तोमर ने अतिथिगणों का स्वागत करते हुए बताया कि वैदिक काल से पहले तक महिला समानता थी।

हमें उसे बनाये रखना चाहिए। सी. ओ. सर ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलयी जा रही हैं।

साथ ही एस. एच. ओ. सर व पुलिस उपनिरीक्षक ने विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारें में जानकारी दी। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रीना ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए बताया कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही समाज और परिवार की मजबूती का आधार है।

कार्यक्रम में सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सअप स्टैटस एवं इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए लोगों को बाल विवाह, लैंगिक शोषण, साक्षरता दर, लिंगनुपात, महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा के प्रति जागरूक किया गया। अंत में छात्राओं के मध्य एक दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें लगभग 50 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में तनिशा केशियाल, हिमांशी कामिनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में विजेताओं को मेडल और बुके देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षकगण प्रो गौतम बैनर्जी, प्रो.मनीष गुप्ता, प्रो. परमिल, प्रो. अरुण देव जायसवाल, डॉ. अनिल राजपूत, डा. जयेश, डॉ मुकेश, डा. सूर्यकांत भारती, डा. शिवम,डा. विकास यादव, डॉ. सरोज यादव, डॉ. मोनिका सागर,डॉ. जाह्नवी तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी हृदय प्रकाश उपस्थित रहें।

# सुमंत विलाप, राम केवट संवाद, दशरथ मरण की लीला दिखाई गई

**एनसीआर टुडे. नजीबाबाद**



श्री रामलीला मंडल नजीबाबाद द्वारा कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत श्री राम जानकी कला परिषद नजीबाबाद द्वारा 19 सितंबर से 3 अक्टूबर तक आयोजित रामलीला मनचंन के अंतर्गत अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल सी के आई वाले चंद्रा हाउस ,मंत्री नरेंद्र कुमार देव ज्वैलर्स चौक बाजार नजीबाबाद के संरक्षण में और हरिओम सिंधल के निर्देशन में बुधवार 24 व 25सितंबर को बीती रात्रि सुमंत विलाप, राम केवट संवाद , दशरथ मरण की लीला का मंचन किया गया। बता दें कि सर्वप्रथम गणेश वंदना और श्री रामायण पाठ के द्वारा श्री रामलीला का शुभारंभ हुआ ।

आयोजित रामलीला मंचन में कलाकारों ने भगवान राम के वनगमन से जुड़े प्रसंगों को जीवंत किया।, जिसमें सुमंत विदाई और राम-केवट संवाद ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस दौरान भगवान राम ने सुमंत को विदा करते हुए कहा कि वे पिता दशरथ को दिलासा दें। जिससे दर्शक भी भावुक हो गए।

रामलीला में सुमंत विदाई और केवट संवाद के दौरान दर्शकों की आंखें नम हो गईं। नजीबाबाद में रामलीला का भव्य मंचन हुआ, जहां केवट-राम संवाद ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भगवान राम के वनवास के दौरान सुमंत को विदा करने का दृश्य बहुत ही मार्मिक था, ।जिसे देखकर दर्शकों की भावनाएं उमड़ पड़ीं। रामलीला के इस भावुक मंचन ने दर्शकों को रामायण के पात्रों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान किया ।

केवट संवाद भगवान राम के जीवन का एक महत्वपूर्ण और भावुक प्रसंग है, जिसमें भगवान राम और केवट के बीच का संवाद दर्शाया गया है। इस प्रसंग में भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के साथ नदी पार करने के लिए केवट से अनुरोध करते हैं।

केवट भगवान राम को नदी पार कराने से पहले उनके चरणों को धोता है और फिर उन्हें नाव में बैठाकर नदी पार कराता है। इस दौरान भगवान राम और केवट के बीच एक मार्मिक संवाद होता है, जिसमें केवट भगवान राम की महानता और उनके प्रति अपनी भक्ति को व्यक्त करता है।

केवट संवाद में भगवान राम की नम्रता और केवट की भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है, जो दर्शकों को भावुक कर देता है। यह प्रसंग भगवान राम की लोकप्रियता और उनके प्रति लोगों की भक्ति को दर्शाता है। रामलीला मंचन में भगवान राम का किरदार शिवम गोयल, लक्ष्मण शिवम शर्मा, सीता मुकुल सैनी, भरत आयुष अमोली, शत्रुघ्न वंश अग्रवाल, केकई कल्पना मॅजौडा, सुमित्रा डांसर, सुमंत मंत्री राजीवमेहरा, दशरथ राहुल अग्रवाल, केवट हरिओम सिंधल, मोहनवा अभिमन्यु खन्ना, गुरु वशिष्ठ मास्टर श्री कृष्ण शर्मा, दूत कृष्ण भारद्वाज, चंद्र धारा देवी आराध्या अग्रवाल पात्रोंके द्वारा भगवान श्री राम जी की लीला का मंचन किया गया। भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम में सीओ ने छात्र छात्राओं को सुरक्षा के बारे में जानकारी दी

**एनसीआर टुडे. अफजलगढ़**। क्षेत्र के गांव कासमपुरगढ़ी में स्थित एचसीएम इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार ने छात्र छात्राओं सहित महिलाओं को सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। गुरूवार को गांव कासमपुरगढ़ी में स्थित एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुरगढ़ी में मिशन शक्ति को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति अभियान के बारे में छात्र छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित जानकारी कर जागरूक किया गया। वही अफजलगढ़ थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि महिलाओं के सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा चलाई रही मिशन शक्ति अभियान में छात्र छात्राओं को सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया।

## एएसपी ने किया निरीक्षण व सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा

**एनसीआर टुडे. बिजनौर**

जनपद में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण और बैठकें आयोजित की गईं। थाना कोतवाली शहर पर मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

थाना कोतवाली शहर पर ही व्यापार सुरक्षा प्रकोष्ठ एवं बैंक सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें व्यापारिक संस्थानों और बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए।

एएसपी नगर ने कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान जनपद के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए IP कैमरों व प्रमुख चौराहों के सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड चेक की गई और संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने थाना कोतवाली देहात में नगीना सर्किल के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इसमें आगामी त्यौहारों व जुलूसों की सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, मिशन शक्ति-5, अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई एवं लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निश्तारण सहित शासन श्तर से चल रहे अभियानों की समीक्षा की गई। इस बैठक में क्षेत्राधिकारी नगीना भी मौजूद रहे।

इस प्रकार आज बिजनौर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराध नियंत्रण

## प्रधान यामीन के निधन पर ग्रामवासियों ने गहरा दुख व्यक्त किया

**एनसीआर टुडे. अफजलगढ़**। विकास खंड अफजलगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत आसफाबाद चमन के मौजूदा प्रधान मोहम्मद यामीन का बुधवार की देर शाम इंतकाल हो गया।

गुरूवार की दोपहर गमगीन माहौल के बीच कब्रिश्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वही गांव में स्थित मस्जिद में जनाजा घर में जनाजा रखकर नमाज अदा कराने के बाद सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मरहूम प्रधान मोहम्मद यामीन के जनाजे में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मरहूम प्रधान मोहम्मद यामीन 60 वर्ष का बुधवार की देर शाम हार्ट अटैक आ जाने के कारण उनका इंतकाल हुआ था। मरहूम प्रधान मोहम्मद यामीन के निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और उनके गांव आसफाबाद चमन में स्थित आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। मरहूम प्रधान मोहम्मद यामीन बेहद खुश मिजाज और मिलनसार इंसान थे। तमाम लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके लिए दुआएं मगफिरत की। बुधवार की देर शाम अचानक उनकी तबियत बिगड़ी और हार्ट अटैक आ जाने के कारण उन्हें उत्तराखंड के जसपुर में इलाज के दौरान राश्ते में ही उनका इंतकाल हो गया। ग्राम आसफाबाद चमन में उनके आवास पर ही उनके शव को आखिरी दीदार करने के लिए रखा गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए GeM पोर्टल (**https://gem.gov.in**) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | **GEM/2025/B/6723742, दिनांक 24.09.2025** |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में वंदे भारत कोचों में तीन वर्ष की अवधि के लिए एसीसीआई गतिविधियों (एस्कॉर्टिंग, संचालन और समस्या निवारण) की आउटसोर्सिंग का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | ₹2,10,75,131.97 (GST सहित) |
| बयाना राशि | ₹2,55,376.00 |
| कार्य अवधि | 03 वर्ष |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 15.10.2025, 18:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है **https://gem.gov.in** दिनांक **24.09.2025** से प्रभावी है। |

**सं.: 25.8.975.TSD.SSB** **दिनांक: 24.09.2025**

**2961/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

एनसीआर टुडे

गाजियाबाद, शुक्रवार 26 सितंबर 2025



## संपादकीय

# नवरात्रि में आध्यत्मिक और वैज्ञानिक तादात्म्य

अश्विनी शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक शक्ति की देवी भगवती दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाती है। श्री मार्कण्डेय पुराण में चर्चित गाथा के अनुसार वर्ष के चार हिस्सों में दुर्गा के स्वरूपों की उपासना की जाती है। क्रमशः माघ मास की शुक्ल पक्ष को प्रथम तिथि से नवमी तिथि तक महाकाली के रूप में आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष को प्रथम से नवमी तिथि तक महालक्ष्मी के रूप में आश्विन मास शुक्ल पक्ष को प्रथम से नवमी तिथि तक महादुर्गा के रूप में शक्ति पूजन किया जाता है।

देवी भागवत में अनेक स्थानों पर दुर्गा का उल्लेख मिलता है तथा इनको सर्वश्रेष्ठ देवी का ओहदा दिया जाता है। मूल प्रकृति देवी के खास रूपों में लक्ष्मी, सरस्वती, सावित्री और राधा के साथ प्रथम नाम गणेशजननी दुर्गा का ही है, इनका उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यह शिव स्वरूपा और शिव की प्रेयसी भार्या है।

साथ ही साथ ये नारायणी विष्णुमाया और पूर्णब्रह्मस्वरूपिणी नाम से प्रसिद्ध है। देवमुनि मानुष सभी को उपासना और अवस्था करने वाली है। दुर्गा को पूजा-अर्चन शक्ति की आराधना है। राम ने भी युद्ध के पहले शक्ति की उपासना की थी। शिव तो शक्ति के बिना शव बन आते है। दुर्गा शक्ति और विजय का प्रतिरूप है। मातृदेवियां अथवा शक्तियों में केवल प्रजनन कार्य द्वारा सृष्टि की रचना में सहायक है। अपितु मानव की गतिशीलता की द्योतक है। भारत की प्राचीनतम सिंधु सभ्यता और मिस्र की सभ्यता के समय से ही मातृदेवियों की आराधना लोकप्रिय है।

महिषमर्दिनी, अम्बिका, लक्ष्मी और सरस्वती तथा दूसरी देवियां भी तमाम पुरुष देवताओं की शक्तियां है। जिन्हें संपदाय के अंतर्गत गुप्तकाल तथा उसके पश्चात स्वतंत्र उपयोगिता प्राप्त हुई। महिषा-मर्दिनी बाह्य आक्रामक दशाओं से शक्ति समुच्चय एलोरा आदि पुरास्थलों पर द्रष्टव्य है। शिव महाकाल है, इसलिए उनको अभिन्न शक्ति को महाकाली कहकर संबोधित किया गया। गुप्तोत्तर काल में देवी शक्ति का असर उनका वैभव और ऐश्वर्य अत्यधिक बढ़ गया। मधु-कैटभ, शुभ-निशुभ चंड-मुंड रक्त-बीज सरीखे विकराल असुरों का संहार कर वह देव परिवार में सर्वोच्च हो गई। असुरों का विनाश कर देवी ने देवताओं तक को भयमुक्त कर दिया था। हालांकि, वे शिव अर्थात कल्याण की ताकत थी, लेकिन दैत्य रूप में स्वतंत्र सता के रूप में अधिष्ठित हो गई। शिव से विलग शांति काली अथवा दुर्गा के रूप में प्रसिद्ध हुई और उनकी उपासना स्वतंत्र रूप में होने लगी।

कालान्तर में शेव और संपदायो में समन्वय हुआ और अर्द्धनारीश्वर रूप में दोनों की संयुक्त अर्चना प्रारंभ हो गई। देवी शक्ति के व्यापक प्रचार में सभी देवियाँ एक देवी से अभिन्न हो गई। उमा रूप में वह आद्य शक्ति शिव पत्नी और सबकी माँ बनी। पार्वती और हेमावती रूप में हिमालय पुत्री कहलाती ही सारे पर्वतीय प्रदेशों में तीव्र गति से लोकप्रिय हो गई।

सुरा, मांस और बलि देने की वजह से तामसिक प्रवृत्ति के लोगों और पुलिन्द, शवर सरीखी जंगली और बर्बर जातियों ने उनको घेर कर शक्ति के रूप में आदर्श मान लिया। काली और कराली गर्म स्वभाव के व्यक्तियों में प्रथम आराध्य हो गई। भद्रकालीके रूप में पूजी जाने पर देवी मानव को कभी पराजित नहीं होने देती, इसलिए मानव मात्र देवी के शरणागत हो गया। देवी धन, पुत्र, आयु और विजय सब प्रदान करती है। सांसारिक लोगों को यह मनोअभिलाषा होती है, जो मनीषी है उन्हें यह मोक्षदा भी है। महिषासुर मर्दन के लिए विष्णु, शिव, ब्रह्मा, इंद्र वरुण, सूर्य सबके तेजाश से देवी का प्रादुर्भाव हुआ इसलिए देवी तेजपुंज हुई।

शक्ति का स्वरूप संपूर्ण है। यह इच्छा, क्रिया, सर्जन, मोह, विनाश समस्त क्रियाओं से परिपूर्ण है जो लोग देवी को विष्णु की शक्ति मानते थे, ये उसे महालक्ष्मी अभया महावैष्णवो कहते थे अन्य शक्ति देवी को वाक रूप में देखते थे। तथा वागोपासक कहलाते थे, जो देवी को शिव की शक्ति मानते थे ये शाक्त कहलाते थे। खासतौर पर बंगाल शाक्त धर्म का केंद्र बना शक्ति की दार्शनिक सत्ता और व्यावहारिक सत्ता स्वतंत्र और उन्मुक्त अशितत्व रखती है। प्रज्ञा और स्वप्न दोनों ही महामाया का रूप है। ब्रह्मा, विष्णु और शिव तत्व से मुक्त होने के कारण उसमें सर्जन, पालन और संहार तीनों का समन्वय है।

इसी वजह श्रद्धालु उन्हें जगतमाता के रूप में अपरिमित श्रद्धा से पूजते चले जा रहे है। आधुनिक काल में जिस तरह लौकिक जगत में देवी की पूजा-अर्चना एक रिवाज हो गया है। वाश्तव में उसकी वाश्तविकता मानव जीवन में यही है कि मानव अपने दुर्गुगों को एक-एक करके त्याग दें। नवरात्र की कल्पना अधया तमाम पर्वो पर आध्यात्मिक दृष्टि से स्वयं के दुर्गुणों का त्याग, अपने मे सुधार लाना ही पर्व अथवा व्रत का निजी संदेश है। भारतीय संस्कृतिके उन मूल्यों को प्रकट करती है, जिसके लिए भारतीय संस्कृति को स्वीकार करने हेतु समश्त संसार भारत कीऔर उन्मुख होगा। अधिस्थ देवी कोववंदना इस प्रकार की गई है। *या देवी सर्वभूतेषु मातृ रूपेण संस्थिता*

*सप्तशती पाठ*

अश्विनी शुक्ल प्रतिपदा से महानवमी पर्वत किए जाने वालेकार्य को नवरात्र कहा गया है। इन दिनों में पूजा को हीप्रधान माना जाता है। उपवास आदि तो उसके अंग है। इसमें कुलाचार को अधिक महत्व दिया गया है, अतः प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूजा परंपरा के अनुसार नौ दिनों तक उपवास, एकभुक्त, अभाचित आदि तथा पुजन विधि के संबंध में निर्णय करना चाहिए। किसी कुल विशेष में जप, उपवास आदि नियमों का आधिक्य मिलता है। परंतु शास्त्रकारों के दृष्टिकोण में पूजा को ही प्रधानता दी गई है। कुलाचार के अनुसार जो लोग इसके महत्व कोजानते है, उन्हें परपरा के अनुसार कार्य दुर्गासप्तशती के पाठ करना का विशेष विधान है। इसका मुख्य कारण है कि शक्ति की उपासना के सम्बब्ध में जितने ग्रन्थ प्रचलित है। उसमे शप्तशती का विशेष महत्व है। सप्तशती 700 श्लोकों का संग्रह है। जो तीन भागों अथवा तीन संग्रह में विभक्त है। तीन परिधी में विभक्त है। प्रथम चरित्र में ब्रह्मा जी योगगमावा भगवान विष्णु को शक्ति की श्तुति करके उन्हें निंद्रा से जगाया। और इस प्रकार जागृत होने पर उनके द्वारा मधु -कैटभ का नाश किया।

# जातिवाद पर प्रतिबंध योगी सरकार का ऐतिहासिक कदम

ललित गर्ग



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम उठाया है। उन्होंने समाज में जाति आधारित विद्वेष को ही नहीं बल्कि विभेद को भी समाप्त करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए सद्भाव के साथ सबके विकास को बल देने का सूझबूझभरा फैसला लिया है।

इस फैसले के अन्तर्गत उन्होंने जाति-आधारित रैलियों, सार्वजनिक प्रदर्शनों और पुलिस रिकॉर्ड में जाति संबंधी उल्लेखों पर रोक लगा दी है। यह निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद लिया गया, लेकिन इसका वाश्तविक महत्व इससे कहीं अधिक है। यह केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं बल्कि समाज को जातिगत बंधनों से मुक्त करने की दिशा में क्रांतिकारी प्रयास है।

राजनीतिक दलों ने जाति आधारित वोटों को लुभाने एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने के लिये समाज को बांटा है। यह गौर करने की बात है कि जाति आधारित संगठनों और रैलियों की बाढ़ आ गई है, जिससे एक-एक जाति के अनेक संगठन बने और इन जातिगत संगठनों ने सड़कों पर उतर कर न केवल सार्वजनिक व्यवस्था, इंसान-इंसान के बीच दूरियां-विद्वेष बढ़ा दिया बल्कि राष्ट्रीय एकता को भी क्षत-विक्षत कर दिया।

भारतीय समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी हैं। जाति व्यवस्था ने कभी सामाजिक पहचान और श्रम विभाजन का आधार बनकर काम किया, लेकिन समय के साथ यह भेदभाव, असमानता और सामाजिक विद्वेष का कारण बन गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था- “जातिवाद समाज की आत्मा को खोखला करता है।

” डॉ. भीमराव आंबेडकर ने तो इसे भारतीय प्रगति की सबसे बड़ी बाधा बताया था। दुर्भाग्य से आज़ादी के बाद भी जातिवाद ने राजनीति और समाज दोनों में गहरी पैठ बनाई और देश की एकता को कमजोर करने का काम किया। जाति-आधारित राजनीति ने सत्ता के समीकरण तो बदले लेकिन समाज को बांटने का काम किया। चुनाव के समय उम्मीदवारों का चयन जातिगत समीकरणों के आधार पर होता रहा। समाज के बंटवारे का यह खेल लोकतंत्र के स्वस्थ आदर्शों के लिए चुनौती बना। जातिगत रैलियां और प्रदर्शन सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करते रहे।

पुलिस रिकॉर्ड में जाति का उल्लेख अपराधी को अपराधी नहीं बल्कि किसी जाति का प्रतिनिधि बना देता था, जिससे कानून-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता था। इन जटिल स्थितियों में योगी सरकार का यह निर्णय विषमताओं एवं विसंगतियों को समाप्त करने की दिशा में एक नया अध्याय है। यदि इसे सख्ती और ईमानदारी से लागू किया गया तो निश्चित ही समाज में सौहार्द, भाईचारा और समानता का वातावरण बनेगा। जाति-आधारित पहचान की जगह व्यक्ति की योग्यता, आचरण और योगदान को महत्व मिलेगा।

किसी जाति के प्रति लगाव दर्शाने के लिए किसी अन्य जाति को नीचा दिखाने की भी गलत परंपरा पड़ती दिख रही है। जाति आधारित पोस्टर या प्रतीक न केवल गलियों में, मकानों पर बल्कि अपने वाहनों पर भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में, परस्पर भेद, ऊंच-नीच की भावना बढ़ती जा रही है।

ऐसे भेद को मिटाने की मांग उठती रही है। समाज के लिए चिंतित रहने वाले लोग यही चाहते हैं कि जातिगत झंडों और पोस्टरों पर एक हद तक लगाम लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा साहस राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब तक किसी भी राजनेता ने नहीं दिखाया, लेकिन योगी सरकार ने यह साहस दिखाया है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए।

योगी सरकार द्वारा जारी 10 सूत्रीय दिशा-निर्देश में यह बात विशेष रूप से गौर करने लायक है कि अब जाति के नाम, नारे या स्टिकर वाले वाहनों का केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत चालान किया जाएगा। यहां तक कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में भी जाति को दर्शाने से बचा जाएगा। अभी तक होता यह है कि अपराधी जाति के आधार पर अपनी पहचान बना लेते हैं और मजबूत हो जाते हैं।

यह बहुत अफसोस की बात है कि विशेष रूप से चुनाव के समय जाति आधारित बैनरों की बाढ़ आ जाती है। राजनीतिक दल एवं नेता जातिगत समीकरणों से समाज को बांटने में जुट जाते हैं। लेकिन अब यूपी सरकार की मंशा सराहनीय है और इन दिशा-निर्देशों को पूरी तरह से लागू करने की जरूरत है।

वाकई समाज से अपराध को मिटाने के लिए अपराधी की जाति देखना गैर-वाजिब है। हां, यह सावधानीपूर्वक कुछ मामलों में जाति का उल्लेख करने की छूट दी गई है। जैसे, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामलों में जातिसूचक शब्दों का इश्तेमाल होता रहेगा। वाकई, कुछ मामले ऐसे होते हैं, जहां जाति की चिंता या उल्लेख जरूरी हो जाता है।

यह भूलना नहीं चाहिए कि जाति आधारित भेदभाव अभी भी कई जगहों पर देखने को मिल जाता है। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भेदभाव की शिकायतें अक्सर आती हैं, ऐसे में, प्रशासन को ज्यादा सजग रहना पड़ेगा। निर्देश जारी हो जाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि जातिगत भेदभाव के बिंदुओं को खोज-खोजकर मिटाने की ईमानदार पहल भी जरूरी है।

सामाजिक चिंतक विनोबा भावे कहा करते थे “जाति का भेद मिटेगा तो समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना पनपेगी। ” वाश्तव में जातिवाद केवल सामाजिक समस्या नहीं बल्कि मानसिकता का रोग है। जब तक समाज इसे स्वीकार करता रहेगा, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं।

योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में एक आदर्श समाज व्यवस्था निर्मित करने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देते हैं। उन्होंने जातिवाद के विरुद्ध आवाज ही नहीं उठाई, अपने राजनीतिक जीवन के अनेक उदाहरणों से समाज को सक्रिय प्रशिक्षण भी दिया।

वे समता के पोषक हैं, इसलिये उन्होंने पूरी शक्ति के साथ जाति के दंश, प्रथा एवं विसंगति पर प्रहार कर मानवीय एकता का स्वर प्रखर किया। उनके शासन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी, जिससे राज्य में अपराध और अराजकता पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया। “सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास” की नीति पर चलते हुए उन्होंने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू कीं।

बुनियादी ढांचे के विकास, धार्मिक स्थलों के पुनरोद्धार, निवेश को आकर्षित करने और रोजगार सृजन में भी उनके प्रयास उल्लेखनीय हैं। उनकी सकारात्मक सोच का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज तेजी से विकासशील राज्यों में गिना जाने लगा है और जातिवाद, भ्रष्टाचार और असुरक्षा की छवि से बाहर निकलकर एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

उनकी ताजा पहल समाज को बताती है कि नई पीढ़ी को जाति नहीं, योग्यता और नैतिकता के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए। यह निर्णय राजनीतिक दलों के लिए भी चेतावनी है कि उन्हें जातिगत समीकरणों की राजनीति छोड़कर राष्ट्रहित और जनहित की राजनीति करनी होगी।

जाति, रंग, भाषा आदि के मद से सामाजिक एवं राजनीतिक विक्षोभ पैदा होता है, इसीलिये यह पाप की परम्परा को बढ़ाने वाला पाप है। इसके कारण राष्ट्रीयता को भूल कर जातिगत संकीर्णताओं को लोग आगे बढाते रहे हैं, एक जाति के लोग मजबूत होने के बाद वे अपनी जाति को लाभ पहुंचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं।

यह धारणा भी बढती रही है कि सबको अपनी जाति की चिंता करनी चाहिए। यह भ्रांति भी फैल रही है कि अपनी जाति के लोग या अधिकारी या नेता ही अपनी जाति के समुदाय या लोगों की मुसीबत में साथ खड़े होते हैं। ऐसी तमाम सामाजिक व प्रशासनिक खामियों एवं विडम्बनाओं से उबरने की जरूरत योगी सरकार ने महसूस की है। अन्यायी के खिलाफ बिना जाति देखे खड़ा होना चाहिए। संविधान की भी मंशा यही है कि हर नागरिक को अपने समाज की ताकत बनकर आगे बढ़ना चाहिए और ध्यान रहे, यह समाज मात्र एक जाति आधारित न रहे। हर जाति महत्वपूर्ण है और सबका विकास हो, पर जाति आधारित लगाव या राजनीति का दिखावा खत्म होना चाहिए।

योगी आदित्यनाथ सरकार का यह कदम भारतीय समाज को जातिवाद की जंजीरों से मुक्त कराने का बड़ा अवसर है। यह केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकता है। अब आवश्यकता है कि अन्य राज्य भी इसे अपनाएं और भारत को सच्चे अर्थों में समानता, न्याय और बंधुत्व की धरती बनाएं।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है)


# जातिवाद पर प्रतिबंध योगी सरकार का ऐतिहासिक कदम

ललित गर्ग

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम उठाया है। उन्होंने समाज में जाति आधारित विद्वेष को ही नहीं बल्कि विभेद को भी समाप्त करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए सद्भाव के साथ सबके विकास को बल देने का सूझबूझभरा फैसला लिया है।

इस फैसले के अन्तर्गत उन्होंने जाति-आधारित रैलियों, सार्वजनिक प्रदर्शनों और पुलिस रिकॉर्ड में जाति संबंधी उल्लेखों पर रोक लगा दी है। यह निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद लिया गया, लेकिन इसका वाश्तविक महत्व इससे कहीं अधिक है।

यह केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं बल्कि समाज को जातिगत बंधनों से मुक्त करने की दिशा में क्रांतिकारी प्रयास है। राजनीतिक दलों ने जाति आधारित वोटों को लुभाने एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने के लिये समाज को बांटा है।

यह गौर करने की बात है कि जाति आधारित संगठनों और रैलियों की बाढ़ आ गई है, जिससे एक-एक जाति के अनेक संगठन बने और इन जातिगत संगठनों ने सड़कों पर उतर कर न केवल सार्वजनिक व्यवस्था, इंसान-इंसान के बीच दूरियां-विद्वेष बढ़ा दिया बल्कि राष्ट्रीय एकता को भी क्षत-विक्षत कर दिया। भारतीय समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी हैं।

जाति व्यवस्था ने कभी सामाजिक पहचान और श्रम विभाजन का आधार बनकर काम किया, लेकिन समय के साथ यह भेदभाव, असमानता और सामाजिक विद्वेष का कारण बन गई।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था- “जातिवाद समाज की आत्मा को खोखला करता है। ” डॉ. भीमराव आंबेडकर ने तो इसे भारतीय प्रगति की सबसे बड़ी बाधा बताया था। दुर्भाग्य से आज़ादी के बाद भी जातिवाद ने राजनीति और समाज दोनों में गहरी पैठ बनाई और देश की एकता को कमजोर करने का काम किया। जाति-आधारित राजनीति ने सत्ता के समीकरण तो बदले लेकिन समाज को बांटने का काम किया।

चुनाव के समय उम्मीदवारों का चयन जातिगत समीकरणों के आधार पर होता रहा। समाज के बंटवारे का यह खेल लोकतंत्र के स्वस्थ आदर्शों के लिए चुनौती बना। जातिगत रैलियां और प्रदर्शन सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करते रहे।

पुलिस रिकॉर्ड में जाति का उल्लेख अपराधी को अपराधी नहीं बल्कि किसी जाति का प्रतिनिधि बना देता था, जिससे कानून-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता था। इन जटिल स्थितियों में योगी सरकार का यह निर्णय विषमताओं एवं विसंगतियों को समाप्त करने की दिशा में एक नया अध्याय है। यदि इसे सख्ती और ईमानदारी से लागू किया गया तो निश्चित ही समाज में सौहार्द, भाईचारा और समानता का वातावरण बनेगा। जाति-आधारित पहचान की जगह व्यक्ति की योग्यता, आचरण और योगदान को महत्व मिलेगा।

किसी जाति के प्रति लगाव दर्शाने के लिए किसी अन्य जाति को नीचा दिखाने की भी गलत परंपरा पड़ती दिख रही है। जाति आधारित पोस्टर या प्रतीक न केवल गलियों में, मकानों पर बल्कि अपने वाहनों पर भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में, परस्पर भेद, ऊंच-नीच की भावना बढ़ती जा रही है।

ऐसे भेद को मिटाने की मांग उठती रही है। समाज के लिए चिंतित रहने वाले लोग यही चाहते हैं कि जातिगत झंडों और पोस्टरों पर एक हद तक लगाम लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा साहस राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब तक किसी भी राजनेता ने नहीं दिखाया, लेकिन योगी सरकार ने यह साहस दिखाया है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए।

योगी सरकार द्वारा जारी 10 सूत्रीय दिशा-निर्देश में यह बात विशेष रूप से गौर करने लायक है कि अब जाति के नाम, नारे या स्टिकर वाले वाहनों का केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत चालान किया जाएगा। यहां तक कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में भी जाति को दर्शाने से बचा जाएगा। अभी तक होता यह है कि अपराधी जाति के आधार पर अपनी पहचान बना लेते हैं और मजबूत हो जाते हैं।

यह बहुत अफसोस की बात है कि विशेष रूप से चुनाव के समय जाति आधारित बैनरों की बाढ़ आ जाती है। राजनीतिक दल एवं नेता जातिगत समीकरणों से समाज को बांटने में जुट जाते हैं। लेकिन अब यूपी सरकार की मंशा सराहनीय है और इन दिशा-निर्देशों को पूरी तरह से लागू करने की जरूरत है। वाकई समाज से अपराध को मिटाने के लिए अपराधी की जाति देखना गैर-वाजिब है।

हां, यह सावधानीपूर्वक कुछ मामलों में जाति का उल्लेख करने की छूट दी गई है। जैसे, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामलों में जातिसूचक शब्दों का इश्तेमाल होता रहेगा। वाकई, कुछ मामले ऐसे होते हैं, जहां जाति की चिंता या उल्लेख जरूरी हो जाता है। यह भूलना नहीं चाहिए कि जाति आधारित भेदभाव अभी भी कई जगहों पर देखने को मिल जाता है।

विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भेदभाव की शिकायतें अक्सर आती हैं, ऐसे में, प्रशासन को ज्यादा सजग रहना पड़ेगा। निर्देश जारी हो जाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि जातिगत भेदभाव के बिंदुओं को खोज-खोजकर मिटाने की ईमानदार पहल भी जरूरी है।

सामाजिक चिंतक विनोबा भावे कहा करते थे “जाति का भेद मिटेगा तो समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना पनपेगी। ” वाश्तव में जातिवाद केवल सामाजिक समस्या नहीं बल्कि मानसिकता का रोग है। जब तक समाज इसे स्वीकार करता रहेगा, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं।

योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में एक आदर्श समाज व्यवस्था निर्मित करने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देते हैं। उन्होंने जातिवाद के विरुद्ध आवाज ही नहीं उठाई, अपने राजनीतिक जीवन के अनेक उदाहरणों से समाज को सक्रिय प्रशिक्षण भी दिया। वे समता के पोषक हैं, इसलिये उन्होंने पूरी शक्ति के साथ जाति के दंश, प्रथा एवं विसंगति पर प्रहार कर मानवीय एकता का स्वर प्रखर किया।

उनके शासन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी, जिससे राज्य में अपराध और अराजकता पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया। “सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास” की नीति पर चलते हुए उन्होंने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू कीं। बुनियादी ढांचे के विकास, धार्मिक स्थलों के पुनरोद्धार, निवेश को आकर्षित करने और रोजगार सृजन में भी उनके प्रयास उल्लेखनीय हैं।

उनकी सकारात्मक सोच का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज तेजी से विकासशील राज्यों में गिना जाने लगा है और जातिवाद, भ्रष्टाचार और असुरक्षा की छवि से बाहर निकलकर एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

उनकी ताजा पहल समाज को बताती है कि नई पीढ़ी को जाति नहीं, योग्यता और नैतिकता के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए। यह निर्णय राजनीतिक दलों के लिए भी चेतावनी है कि उन्हें जातिगत समीकरणों की राजनीति छोड़कर राष्ट्रहित और जनहित की राजनीति करनी होगी।

जाति, रंग, भाषा आदि के मद से सामाजिक एवं राजनीतिक विक्षोभ पैदा होता है, इसीलिये यह पाप की परम्परा को बढ़ाने वाला पाप है। इसके कारण राष्ट्रीयता को भूल कर जातिगत संकीर्णताओं को लोग आगे बढाते रहे हैं, एक जाति के लोग मजबूत होने के बाद वे अपनी जाति को लाभ पहुंचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं।

यह धारणा भी बढती रही है कि सबको अपनी जाति की चिंता करनी चाहिए। यह भ्रांति भी फैल रही है कि अपनी जाति के लोग या अधिकारी या नेता ही अपनी जाति के समुदाय या लोगों की मुसीबत में साथ खड़े होते हैं। ऐसी तमाम सामाजिक व प्रशासनिक खामियों एवं विडम्बनाओं से उबरने की जरूरत योगी सरकार ने महसूस की है।

अन्यायी के खिलाफ बिना जाति देखे खड़ा होना चाहिए। संविधान की भी मंशा यही है कि हर नागरिक को अपने समाज की ताकत बनकर आगे बढ़ना चाहिए और ध्यान रहे, यह समाज मात्र एक जाति आधारित न रहे। हर जाति महत्वपूर्ण है और सबका विकास हो, पर जाति आधारित लगाव या राजनीति का दिखावा खत्म होना चाहिए।

योगी आदित्यनाथ सरकार का यह कदम भारतीय समाज को जातिवाद की जंजीरों से मुक्त कराने का बड़ा अवसर है। यह केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकता है। अब आवश्यकता है कि अन्य राज्य भी इसे अपनाएं और भारत को सच्चे अर्थों में समानता, न्याय और बंधुत्व की धरती बनाएं।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है)


# “नवरात्रि, प्रसाद और पालन-पोषण : आस्था में विवेक का महत्व”

डॉ. प्रियंका सौरभ

नवरात्रि, भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। यह केवल नौ दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह भक्ति, संयम, स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक भी है।

नवरात्रियों के दौरान भक्त अपने घरों और मंदिरों में देवी दुर्गा की पूजा करते हैं और भोजन तथा खान-पान पर विशेष ध्यान देते हैं। हलवा-पूरी, चने की दाल, फल और अन्य पारंपरिक व्यंजन इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखते हैं। इन व्यंजनों का स्वादिष्ट और पवित्र होना उन्हें एक धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बनाता है।

हालांकि, इस पवित्र परंपरा के बीच एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है: क्या नवरात्रियों में बनाए जाने वाले ये व्यंजन केवल मानव उपभोग के लिए ही सुरक्षित हैं, या इन्हें हमारे पवित्र मित्र, जैसे गाय, को भी दिया जा सकता है? यह प्रश्न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और पारिस्थितिक संतुलन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

नवरात्रियों में हलवा-पूरी का प्रसाद मुख्य रूप से गेहूं के आटे, घी और चीनी से तैयार किया जाता है। इसके स्वाद और सुगंध से भक्त आनंदित होते हैं और इसे देवी की भक्ति का प्रतीक मानते हैं। हलवा-पूरी का आनंद लेना न केवल उत्सव का हिस्सा है, बल्कि यह पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को भी मजबूत करता है। हालांकि, इसके स्वास्थ्य पहलू पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी है।

इंसानों के लिए हलवा-पूरी सीमित मात्रा में ऊर्जा और संतोष प्रदान करती है। परंतु, अत्यधिक मात्रा में इसे खाना पाचन समस्याएँ, वजन बढ़ना और अन्य स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है।

नवरात्रियों के दौरान लोग अक्सर फल, हल्का सत्त्विक भोजन और दूध जैसी चीज़ों का सेवन करते हैं, ताकि शरीर और मन दोनों को शुद्ध किया जा सके। इसलिए, हलवा-पूरी का सेवन संयमित और सोच-समझकर होना चाहिए।

अब सवाल उठता है कि क्या गाय को भी हलवा-पूरी दी जा सकती है। हिंदू धर्म में गाय को अत्यंत पवित्र माना गया है। इसे माता का दर्जा प्राप्त है और धार्मिक ग्रंथों में उनकी सेवा और संरक्षण का विशेष महत्व बताया गया है। लेकिन, गायों का पाचन तंत्र इंसानों से भिन्न होता है। वे मुख्य रूप से हरी घास, चारा, भूसा और अनाज पर निर्भर कती हैं।

घी, चीनी और मैदा जैसी भारी और मीठी चीज़ें उनके लिए हानिकारक हो सकती हैं। हलवा-पूरी में मौजूद अत्यधिक घी और चीनी उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।

इससे दश्त, अपच और अन्य जठरांत्र संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। यहाँ पर संतुलन की आवश्यकता स्पष्ट होती है। नवरात्रियों का उद्देश्य न केवल आस्था और भक्ति है, बल्कि पशुओं और प्रकृति के साथ सह-अशितत्व बनाए रखना भी है। श्रद्धा और सुरक्षा एक साथ चल सकते हैं।

गायों के स्वास्थ्य के लिए हलवा-पूरी देना सही नहीं है, और उन्हें प्राकृतिक चारा, हरी घास और फल देना सर्वोत्तम विकल्प है। धार्मिक दृष्टि से, श्रद्धा का वास्तविक अर्थ यही है कि हम अपनी आस्था का पालन करते हुए भी विवेक का उपयोग करें।

पारंपरिक दृष्टि से, नवरात्रियों में प्रसाद वितरण केवल मानव उपभोग तक सीमित होना चाहिए। ऐसा करने से धार्मिक आस्था का पालन होता है और पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहती है।

कई मंदिर और धार्मिक स्थल इस संतुलन को बनाए रखते हुए अपने प्रसाद में केवल फल, हरी पत्तियाँ और सूखा अनाज देते हैं। इससे गायों को पोषण मिलता है और उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है।

सांस्कृतिक दृष्टि से यह विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय परंपरा में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। धार्मिक ग्रंथों और लोक कथाओं में उनका संरक्षण, सम्मान और सेवा विशेष रूप से उल्लेखित है।

अगर हम नवरात्रियों में श्रद्धा और परंपरा का पालन करते हुए गायों के स्वास्थ्य की अनदेखी करते हैं, तो हम उनकी सुरक्षा और पालन-पोषण के सिद्धांतों के प्रति उत्तरदायी नहीं रह पाते। यह एक ऐसा मामला है जहाँ धर्म और विज्ञान का संतुलन आवश्यक है।

शिक्षा और जागरूकता इस संदर्भ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। धार्मिक आयोजकों, मंदिरों और परिवारों को यह समझना आवश्यक है कि उनके द्वारा दिया जाने वाला प्रत्येक प्रसाद केवल इंसानों के लिए ही नहीं, बल्कि अगर पशु उसमें सम्मिलित हैं, तो उनके लिए भी सुरक्षित होना चाहिए। स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए, ताकि लोग समझ सकें कि हलवा-पूरी गायों के लिए सुरक्षित नहीं है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी यह मानते हैं कि गायों को इंसानों के खान-पान से अलग रखना उनके दीर्घकालीन स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। घी, चीनी और तेल से बनी चीज़ें उनके जठरांत्र प्रणाली में समस्याएँ पैदा कर सकती हैं। इसलिए नवरात्रियों के दौरान पारंपरिक प्रसाद का आनंद केवल इंसानों के लिए ही लेना चाहिए। इससे धार्मिक आस्था भी बनी रहती है और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

नवरात्रियों में हलवा-पूरी का महत्व केवल स्वाद या परंपरा तक सीमित नहीं है। यह भक्ति, सामूहिक उत्साह और परिवार के साथ समय बिताने का माध्यम भी है। लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि श्रद्धा का अर्थ केवल परंपरा निभाना नहीं है, बल्कि इसमें विवेक और समझदारी भी शामिल होनी चाहिए। गायों और अन्य पालतू पशुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रसाद का वितरण किया जाना चाहिए।

अध्ययन और अनुभव बताते हैं कि धार्मिक आयोजनों में पशुओं की अनदेखी करने से न केवल उनका स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि समाज में जागरूकता की कमी भी उजागर होती है। इसलिए, नवरात्रियों में पशु सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इससे हमारी धार्मिक आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी दोनों पूरी होती हैं।

इस परंपरा के माध्यम से हम बच्चों को भी एक महत्वपूर्ण शिक्षा दे सकते हैं। उन्हें यह सिखाया जा सकता है कि धार्मिक पर्व केवल उत्सव और आनंद का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इसमें विवेक, जिम्मेदारी और सह-अशितत्व का भी संदेश छिपा है।

बच्चे जब यह सीखते हैं कि हलवा-पूरी केवल इंसानों के लिए है और गायों को प्राकृतिक चारा दिया जाता है, तो वे अपने जीवन में भी संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनते हैं।

नवरात्रियों का संदेश यही है कि आस्था, संयम और विवेक को एक साथ अपनाया जाए। पारंपरिक व्यंजनों और प्रसाद का आनंद लेते समय हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारे चार-पाँव वाले मित्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोपरि है। अगर हम यह संतुलन बनाए रखते हैं, तो नवरात्रियों का उत्सव और भी अर्थपूर्ण और सुखदायक बन जाता है।

अंत में, यह याद रखना चाहिए कि नवरात्रियों का वास्तविक उद्देश्य केवल खाने-पीने और उत्सव का आनंद नहीं है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि श्रद्धा और विवेक साथ-साथ चल सकते हैं। इंसान और पशु दोनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी धार्मिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। इसलिए, नवरात्रियों में हलवा-पूरी का सेवन संयमित रूप से इंसानों के लिए किया जाए और गायों को केवल प्राकृतिक चारा दिया जाए। यही सही और संतुलित दृष्टिकोण है, जो आस्था, संस्कृति और सुरक्षा का समन्वय स्थापित करता है।

इस संतुलन और विवेक के माध्यम से नवरात्रियों का त्योहार न केवल धार्मिक रूप से पूरक बनता है, बल्कि यह हमारे समाज और पशु कल्याण के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बन जाता है।

इस तरह, हम अपने चार-पाँव वाले मित्रों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का पालन कर सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा

**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.khabariya.com **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## रेलवे स्टेशन पर घूमता मिला गुमशुदा बालक

✹ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✹

थाना महुआखेड़ा पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन मुस्कान के तहत 18 वर्षीय गुमशुदा बालक को तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर गुमशुदा के परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई है। पप्पू उर्फ किताब सिंह पुत्र झण्डू सिंह निवासी कुलदीप विहार थाना महुआखेड़ा के द्वारा सूचना दी गई कि उसका पुत्र उम्र करीब 18 वर्ष एटीएम से पैसे निकालने गया था, जो वापस नहीं लौटा है सूचना मिलने पर तत्काल थाना महुआ खेड़ा पर गुमशुदगी दर्ज कर गुमशुदा की तलाश शुरु की गई। थाना महुआखेड़ा पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर ट्रेस कर तथा शहर के रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व अन्य सम्भावित स्थानों पर तलाश किया गया। टीमों द्वारा गुमशुदा उपरोक्त को लोकेशन के आधार पर रेलवे स्टेशन सिविल लाइन से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## भीड़ को देख तमंचे लहराकर भागे

✹ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✹

थाना रोरावर क्षेत्र की बगिया में तमंचे की नौंक पर कुछ दबंग एक किशोर को घर से उठाने के बीच मोहल्ले की भीड़ को इकट्ठा होता देख जब हंगामा शुरू हुआ तो आरोपी दबंग तमंचे लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार रोरावर बगिया निवासी एक किशोर को मोहल्ले के दबंगों ने इंस्टाग्राम ग्रुप में ऐड कर लिया था। आरोप है कि उक्त ग्रुप में दबंग गाली गलौज कर रहे थे। किशोर ने गाली गलौज का विरोध करते हुए ग्रुप को लेफ्ट कर दिया। आरोप है । इसी बात पर आरोपी दबंग हाथों में तमंचे लेकर किशोर के घर उसे पहुंचे उठाने पहुंचे। इसी बीच जब किशोर के परिजनों ने मोहल्ले में शोर किया तो मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। मोहल्ले के लोगों को इकट्ठा होता देख आरोपी दबंग तमंचे लहराते हुए मौके से फरार हो गए। फिलहाल पूरी घटना गली के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है जिसका वीडियो गुरुवार सुबह सामने आया है।

## बंदी की मृत्यु पर मजिस्ट्रियल जांच में करें बयान व साक्ष्य प्रस्तुत

✹ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✹

जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन के अनुमोदन आदेश के अनुपालन में विचाराधीन, सिद्धदोष बंदी अजीत पुत्र शम्भूदयाल निवासी सराय पीताम्बर थाना क्वार्सी, अलीगढ़ की 30 अगश्त 2025 को मलखान सिंह जिला चिकित्सालय में हुई मृत्यु की मजिस्ट्रियल जांच नगर मजिस्ट्रेट अतुल गुप्ता द्वारा की जा रही है।

नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि इस प्रकरण से संबंधित समश्त अभिलेखीय साक्ष्य अथवा व्यक्तिगत बयान प्रश्तुत करने के लिए इच्छुक व्यक्ति 30 सितम्बर 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक नई कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के कक्ष संख्या 04 में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रश्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत किसी को भी बयान दर्ज कराने का अवसर नहीं दिया जाएगा।

## चार बालकों भिक्षावृत्ति करते पकड़ा

✹ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✹

थाना एन्टी ह्यूमन ट्रैफकिंग यूनिट टीम द्वारा भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के क्रम में चार बालकों की बरामद किया गया है।महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र. लखनऊ द्वारा भिक्षावृत्ति उन्मूलन एवं रोकथाम तथा बालश्रम रोकथाम अभियान के अनुपालन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ के निर्देशन में एन्टी ह्यूमन ट्रैफकिंग यूनिट की पुलिस टीम द्वारा सूतमिल, नादापुल जलालपुर, रसलगंज आदि स्थानो पर उपरोक्त अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए रसलगंज थाना बन्नादेवी क्षेत्र से चार बालकों को भिक्षावृति करते हुए हुए पाया, उक्त बालकों को अग्रिम कार्यवाही हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रश्तुत किया गया है। बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सरिता द्विवेदी थाना प्रभारी एएचटी, उपनिरीक्षक बृजेश कुमार,हे.कां. सुनील कुमार, म.कां. अंजली आदि शामिल थे।

## स्वच्छता सेवा के तहत बीमा कर्मचारियों ने किया श्रमदान

✹ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✹

सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी साधारण बीमा कंपनी दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, अलीगढ़ कार्यालय द्वारा "स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान" (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) के अंतर्गत गुरुवार "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" संदेश के साथ पुराना छर्रा अड्डा पुल के नीचे स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर मुख्य व्यवसाय प्रबंधक श्रीकांत उपाध्याय के नेतृत्व में दावा हब प्रबंधक दीपक अरोड़ा, सहायक प्रबंधक कपिल शर्मा, अजय कुमार गोयल, आशीष कुमार सुमन, मोहम्मद राशिद, राजीव कुमार एवं अभिकर्ता राजीव सिंह ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में न्यू इंडिया एश्योरेंस के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथनसेवा प्रमुख सुनील भंडारी, रविमोहन शर्मा, अनिल अग्रवाल, महेश एवं हर्षदीप भी उपस्थित रहे। इस सेवा कार्य से प्रेरित होकर स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सफाई अभियान में भाग लिया।

# सहारा का पराभाव: बिकने जा रहा है सहारा बाजार कॉम्प्लेक्स

### 85 करोड़ की लगी पहली बोली, 10 नवंबर तक होगी नीलामी

**लखनऊ , एजेंसी।** गोमतीनगर स्थित सहारा बाजार कॉम्प्लेक्स बिकने जा रहा है। इसके लिए 10 नवंबर को ई नीलामी होगी। एलडीए ने बुधवार को इसकी सूचना जारी की है। नीलामी की आरक्षित कीमत 85 करोड़ रुपये रखी गई है।

विभूति खंड में वेव मॉल के पास ही एलडीए का कॉम्प्लेक्स है, जिसे वर्ष 1987 में 30 साल की लीज पर सहारा हाउसिंग कॉर्पोरेशन को दिया गया था। 2017 में इसका समय पूरा हो गया था। उसके बाद से नवीनीकरण नहीं कराया गया। बीते मई में एलडीए ने लीज निरस्त कर दी और जून में कब्जा भी ले लिया। कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों ने इसका काफी विरोध भी किया था। अब एलडीए इसे बेचने जा रहा है।



### फ्री होल्ड होगी जमीन

अधिशासी अभियंता मनोज सागर ने बताया कि कॉम्प्लेक्स काफी जर्जर हो गया है। इसमें करीब 150 दुकानें हैं। ऐसे में खरीदार उसे तोड़कर बना सकता है। जमीन फ्री होल्ड की जाएगी। ऐसे में लीज का झंझट नहीं रहेगा। जमीन का भू उपयोग व्यावसायिक है तो निर्माण को लेकर भी कोई समस्या नहीं होगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि कुछ दुकानदार न्यायालय गए थे, मगर वहां से कोई स्थगन आदेश नहीं है। वहां उनकी बात सुनने के लिए कहा गया था। ऐसे में नीलामी करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है।

### कभी शान ए सहारा था कॉम्प्लेक्स

लखनऊ के सहारा कॉम्प्लेक्स को मॉल कल्चर की शुरुआत का आधार माना जाता है। जिस समय ये कॉम्प्लेक्स शुरू हुआ था, हजारों लोग सिर्फ यहां की चमक-दमक देखने पहुंचते थे। लोग इसे शान ए सहारा का खिताब भी देते थे। शहर में नए-नए मॉल खुलने के साथ इसकी चमक फीकी पड़ती गई।

### करीब 150 करोड़ है बाजार मूल्य

सहारा बाजार कॉम्प्लेक्स की नीलामी की आरक्षित कीमत भले ही 85 करोड़ है, लेकिन जानकारों का दावा है कि गोमतीनगर के बेहद पॉश विभूति खंड में इस कॉम्प्लेक्स की जमीन की वास्तविक बाजार कीमत 150 करोड़ रुपये से कम नहीं। नीलामी में बोली इससे भी ज्यादा चली जाए तो हैरानी की बात नहीं।

## बुजुर्ग की हत्या : छाती पर ऐसा घूंसा मारा, चक्कर खाकर गिरे आशिक अली और निकल गए प्राण

**मेरठ, एजेंसी।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह रुपयों के लेनदेन के विवाद में 65 वर्षीय आशिक अली के घर पर आरोपियों ने हमला कर दिया था। इसी बीच हमले के दौरान पोते को बचाने आए बुजुर्ग को आरोपियों ने घूंसा मार दिया। बुजुर्ग बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले इसलिए विसरा सुरक्षित कर रख लिया है। जांच के आधार पर कार्रवाई होगी।श्याम नगर निवासी आशिक अली अपने परिवार के साथ रहते हैं। आशिक का पोता मुशीर व अशरफ का बेटा शावेज एक साथ चावल का व्यापार करते थे लेकिन कुछ दिन पूर्व दोनों में रुपयों को लेकर विवाद हो गया था। इसको लेकर दोनों में काफी समय से झगड़ा चल रहा था। आरोप है की बुधवार सुबह अशरफ का परिवार गाली- गलौज करते हुए आशिक के घर पंहुचा।

पीड़ित परिवार ने आरोपियों की बात का विरोध किया। इसी बीच दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। शोर सुनकर आशिक बाहर आए ओर बीच बचाव करने लगे। पुलिस के अनुसार बीच-बचाव करते हुए आरोपियों ने बुजुर्ग के साथ मारपीट करते हुए उनकी छाती में मुक्का मार दिया। इसके बाद बुजुर्ग चक्कर खाकर नीचे गिर गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा कर दिया। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पक्ष के लोग मौके से भाग गए। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गई है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है की पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी भूमि पर कब्जा : अतिक्रमण हटाने गई टीम पर छोड़ दिया पालतू कुत्ता, सूबेदार हो गए घायल, भागकर बचाई जान

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के आवास विकास परिषद का बुधवार को दूसरे दिन भी सेक्टर-2 में बुलडोजर गरजा। अवैध कब्जे हटाए गए। एक झोपड़ी को हटाने पर उसमें रहने वाली महिला ने अपना पालतू कुत्ता प्रवर्तन दल के सूबेदार सुनीत कुमार पर छोड़ दिया। कुत्ते के काटने से सूबेदार सुनीत कुमार घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सेक्टर-2 सी में करीब 11000 वर्ग मीटर सरकारी भूमि है। इसे 30 सितंबर को आवास विकास परिषद को नीलाम करना है। इस भूमि पर 100 से अधिक झुग्गी-झोपड़ी व अतिक्रमण हो गए। अतिक्रमण हटाने के लिए मंगलवार को पुलिस फोर्स के साथ प्रवर्तन दल पहुंचा था। कब्जे हटाने के बाद भूमि को समतल किया गया। बुधवार को फिर टीम बाकी रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए पहुंची। पहले सड़क किनारे मूर्तियों की दुकान व अतिक्रमण हटाए। फिर टीम सरकारी भूमि पर बनी झोपड़ी हटाने पहुंची। तभी झोपड़ी में रहने वाली महिला ने अपना पालतू कुत्ता प्रवर्तन दल लीडर सूबेदार सुनीत कुमार पर छोड़ दिया। कुत्ते के काटने से सूबेदार का पैर जख्मी हो गया। पैर से कुत्ते ने मांस का टुकड़ा खींच लिया। गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रवर्तन दल प्रभारी अवकाश प्राप्त कर्नल जीएम खान ने बताया कि कुत्ता काटने से जख्मी हुए कर्मचारी का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।आगरा विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अंकित चौहान ने फतेहपुर सीकरी रोड स्थित सहारा में 300 वर्ग मीटर भूमि पर तीन मंजिल अवैध निर्माण खड़ा कर दिया। बार-बार नोटिस के बावजूद अवैध निर्माण नहीं रुका। प्रवर्तन दल ने मंगलवार को अवैध निर्माण को सील किया है।

### पार्टी में लौटे आकाश आनंद के लिए बिहार चुनाव बना चुनौती

# सफल रहे तभी दल के अंदर बढ़ेगा दखल

**लखनऊ , एजेंसी।** बीते तीन दशक से बिहार में अपनी जड़ें जमाने की कोशिश में जुटी बहुजन समाज पार्टी इस बार आकाश आनंद के जरिये अपनी सियासी पकड़ को मजबूत करने की कवायद में जुटी है। इस अवधि में बसपा के कई विधायक बने, लेकिन किसी ने भी पार्टी का लंबे समय तक साथ नहीं दिया और सत्तारूढ़ दल का दामन थाम लिया। बीते चुनाव में जीते इकलौते विधायक जमां खां भी इसी परिपाटी पर चले। यही वजह है कि इस बार बिहार चुनाव की कमान बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को सौंपी है।

दरअसल, बिहार चुनाव को आकाश आनंद के आगे के सियासी कॅरिअर की परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। यदि वह बिहार में कुछ सीटें लाने में कामयाब हुए तो यूपी और उत्तराखंड की राजनीति में उनका दखल बढ़ सकता है। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए आकाश आनंद को बिहार में सर्वजन हिताय जागरूकता यात्रा का दारोमदार सौंपा गया है, जिसे वह पूरी शिद्दत से निभा रहे हैं। उनकी जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ और कार्यकर्ताओं से मुलाकातें उन्हें बिहार की दलित राजनीति के नए चेहरे के रूप में तैयार कर रही है। आकाश अपनी जनसभाओं में बिहार में दलितों के उत्पीड़न के मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं और उनकी समस्याओं का हल केवल बसपा के पास होने के दावे कर रहे हैं। आकाश पहले भी अपनी आक्रामक शैली की वजह से युवाओं में खासे लोकप्रिय रहे हैं।



### जारी रहेगी यात्रा

उनकी यात्रा का सिलसिला नवरात्र की वजह से फिलहाल स्थगित कर दिया गया है, लेकिन 4 अक्तूबर इसे दोबारा शुरू किया जाएगा। इस दौरान उनकी रैलियां और रोड शो भी आयोजित किए जाएंगे। मायावती के निर्देशों के मुताबिक पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक रामजी गौतम आकाश के सभी आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर रहे हैं।

# फरवरी-मार्च की जगह अब सितंबर में छात्रवृत्ति, सीएम योगी सभी वर्गों के छात्रों को देंगे दिवाली गिफ्ट

**लखनऊ, एजेंसी।** फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितंबर में नवरात्र के अवसर पर ही छात्रों को मिल जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ 26 सितंबर को प्रदेश के 4 लाख से अधिक छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे। माना जा रहा है कि अब हर बार समय से पूर्व सितंबर में ही छात्रों को छात्रवृत्ति मिल सकेगी।

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में ये छात्रवृत्ति वितरित की जाएगी। यह छात्र-छात्राओं के लिए दीपावली का गिफ्ट होगा।

उन्होंने कहा कि छात्रों को समय से पूर्व छात्रवृत्ति मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मिलकर रणनीति बनाई। इसके चलते इस बार छात्रवृत्ति योजना का लाभ छात्रों को नवरात्र के पावन अवसर पर मिल सकेगा।



### लाभ पाने वालों की बढ़ेगी संख्या

पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 59 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी। वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक हो जाएगी। सरकार छात्रवृत्ति का दायरा लगातार बढ़ा रही है।

## जिस थानाध्यक्ष को भाजपा नेताओं ने हटवाया, उन्हें 24 घंटे में मिल गया दूसरे थाने का चार्ज

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में भाजपा के मंडल अध्यक्ष लवलेश कुमार और मंडल मंत्री मनोज अग्रवाल को मंगलवार को जगनेर थाने में बैठा लेने वाले थानाध्यक्ष सौरभ सिंह को 24 घंटे में ही दूसरे थाने की थानेदारी मिल गई। उन्हें रकाबगंज थाने की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि भाजपाइयों ने जगनेर थाने का घेराव किया था। उसके तीन घंटे बाद डीसीपी पश्चिमी जोन अतुल शर्मा ने थानेदार पर कार्रवाई की थी।

मंगलवार सुबह भाजपा मंडल मंत्री मनोज अग्रवाल का ठेल विक्रेता से विवाद हुआ था। दोनों पक्ष थाने पर शिकायत लेकर गए थे। पुलिस ने मंडल मंत्री और ठेल विक्रेता के बेटे मानव और भाई पिंकी को थाने में बैठा लिया था। इस पर मंडल अध्यक्ष लवलेश ने विरोध किया। पुलिस ने उन्हें भी कार्यालय में बैठा लिया। इससे आक्रोशित भाजपाइयों ने थाने का घेराव किया। करीब 3 घंटे बाद जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया, पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, पूर्व विधायक महेश गोयल से बातचीत के बाद डीसीपी पश्चिमी जोन ने कार्रवाई की थी। थाना रकाबगंज के प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद को थाना जगनेर में तैनात किया और थानाध्यक्ष जगनेर सौरभ सिंह को हटा दिया गया था। यह मामला अभी चर्चा का विषय बना हुआ था। बुधवार दोपहर को सौरभ सिंह को थाना रकाबगंज का प्रभारी बना दिया गया। इसकी जानकारी से भाजपाइयों में आक्रोश है। उधर, कोली गर्जना महासंघ के पदाधिकारी जगनेर के पीड़ितों से मिले। सभी को आश्वासन दिया कि महासंघ उनकी हर संभव मदद करेगा। संस्थापक सदस्य व जिलाध्यक्ष भानु कोली और सदस्य कैलाश महौर ने कहा कि समाज के लोगों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस आरोपियों के खिलाफ दर्ज केस में सख्त कार्रवाई करे।

## किसान की बेटी बनी एक दिन की थानेदार, कुर्सी पर बैठते ही फटाफट लिए ऐसे फैसले, पुलिस भी रह गई हैरान

**फिरोजाबाद , एजेंसी।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के ड्रीम प्रोजेक्ट मिशन शक्ति फेज-5 के तहत नारी सशक्तिकरण के लिए शिकोहाबाद पुलिस ने सराहनीय पहल की। नवांगतुक इंस्पेक्टर क्राइम ने बीडीएम से एमए उत्तीर्ण कर चुकीं एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से सम्मानित हुई छात्रा को एक दिन का थानेदार बनाया। छात्रा ने थानेदार बनकर सबसे पहले सरकारी गाड़ी से शहर में भ्रमण किया। उन्होंने शहर की समस्याओं को जाना। इसके बाद थाने में जनसुनवाई करते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान किया।

बीडीएम की छात्रा प्रिंसी कुमारी एमए उत्तीर्ण हैं। बड़ी बात यह है कि हिंदी साहित्य में आगरा यूनिवर्सिटी में टॉप स्थान प्राप्त किया। इसके चलते उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छात्रा को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। नवांगतुक थाना प्रभारी प्रिंसी कुमारी ने शहर का भ्रमण करते हुए जाम की समस्याओं को देखा। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि दुकानों के बाहर खड़े रहने वाले वाहनों को यहां से हटवाया जाए। इसके अलावा दुकानदारों को भी अनाउंसमेंट करवाकर सख्त निर्देश दिए जाएं कि वह अपनी दुकानों के बाहर बेवजह वाहनों को न खड़ा करवाएं। इसके अलावा हथठेलों को लगाने के लिए एक सुनिश्चित स्थान दिलाया जाए।

# अनुप्रिया पटेल ने कहा, धैर्य रखें, सरकार उद्यमियों के हितों की हर कीमत पर रक्षा करेगी

**वाराणसी, एजेंसी।** धैर्य रखें। समय जरूर कठिन है, केंद्र सरकार उद्यमियों के हितों की हर कीमत पर रक्षा करेगी। इसके लिए सरकार कई स्तर पर प्रयास कर रही है। भारत किसी भी कीमत पर राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता नहीं करेगा। ये बातें केंद्रीय परिवार कल्याण व राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को अमेरिकी टैरिफ पर उद्यमियों के बीच कहीं।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जब हम विकसित भारत की बात करते हैं, तब एमएसएमई का नाम सबसे ऊपर आता है। इसी दम पर देश सबसे बड़ी चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है। हम यहीं नहीं रुकेंगे, आप सभी को भरोसा दिलाते हैं, 2027 तक हम विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे।

विश्व के कई देश युद्ध में हैं। बहुत उथल पुथल है। ऐसे में भारत विश्व में पांचवीं से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। अमेरिकी टैरिफ को लेकर जो भी चिंता उद्यमियों से लेकर आमजन तक में हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे भलीभांति परिचित हैं।

भारत ही नहीं वैश्विक अर्थव्यवस्था की रीढ़ एमएसएमई है। भारत की विकास यात्रा का बहुत ही प्रेरणादायी अध्याय एमएसएमई है। देश की जीडीपी में एमएसएमई में 30 फीसदी, उत्पादन में 38 फीसदी वहीं देश के कुल निर्यात में 45 फीसदी का योगदान है। उन्होंने कहा कि कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र एमएसएमई है। ग्रामीण इलाकों की महिलाएं भी लोग इससे जुड़कर अच्छा काम कर रहीं हैं इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एमएसएमई के ईको सिस्टम को मजबूत कर रही है। इस क्षेत्र में आ रही समस्याओं के बारे में भी हमें पता है । रोजाना सरकार ऐसी समस्याओं को खत्म किया जा रहा है, कम किया जा रहा है।



विश्वकर्मा योजना के तहत करोड़ों कामगारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, किट वितरित की जा रही है। कहा कि डबल इंजन की सरकार उद्योग को बढ़ावा देने और वर्तमान में उपजे संकट से उबरने के लिए लगी है। उद्योग की समस्याओं को दूर करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा।

**कालीन उद्योग के विकास के लिए खाका किया गया तैयार:** बुधवार की शाम भदोही नगर के ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल में आयोजित एमएसएमई फॉर भारत कार्यक्रम में एमएसएमई विशेषकर कालीन उद्योग के विकास के लिए खाका तैयार किया गया। कार्यक्रम में जुटे भदोही और मिर्जापुर के लगभग डेढ़ सौ कालीन उद्यमियों और काती व्यवसायियों ने मौजूदा समय में कालीन उद्योग पर अमेरिकी तारीफ से मंडरा रहे संकट के बदले से निपटने के लिए अलग-अलग विचार रखे।

इस दौरान सभी से प्राप्त इनपुट लेने के बाद केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने केंद्र सरकार के सहयोग से कालीन उद्योग को उभारने का आश्वासन दिया। खास खास बात यह रही की उपस्थित उद्योग के प्रतिनिधियों ने खुलकर अपनी बात राखी और एमएसएमई को मजबूत बनाने की सरकार से मांग की। ताकि वर्ष 2047 तक एक नया भारत विकसित हो। कालीन उद्योग की ओर से एक्मा, सीईपीसी और एसिस्डॉ प्रतिनिधियों ने बात रखी।

# वेस्टइंडीज सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान करुण को नहीं मिली जगह, जडेजा बने उपकप्तान

**मुंबई, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए गुरुवार को भारतीय टीम का एलान हो गया है। भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की अगुआई में उतरेगी, जबकि रवींद्र जडेजा उपकप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए गुरुवार को भारतीय टीम का एलान हो गया है। भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी, जबकि रवींद्र जडेजा को उपकप्तान बनाया गया है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो अक्तूबर को दो मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के बाद पहली बार भारतीय टीम टेस्ट मैच खेलने उतरेगी।

### पंत की अनुपस्थिति में जुरेल संभालेंगे विकेटकीपिंग का जिम्मा

वेस्टइंडीज के खिलाफ ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग का जिम्मा संभालेंगे। टीम के अनुभवी विकेटकीपर ऋषभ पंत चोट से पूरी तरह उबर नहीं सके हैं जिस कारण इस सीरीज के लिए उनका चयन नहीं किया गया है। पंत इंग्लैंड दौरे पर उपकप्तानी का जिम्मा भी संभाल रहे थे और उनकी अनुपस्थिति में अब यह जिम्मेदारी रवींद्र जडेजा को सौंपी गई है। यह पहले से ही तय माना जा रहा था कि पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसे में जुरेल पर जिम्मेदारी होगी जिन्होंने इंग्लैंड दौरे पर भी पंत की अनुपस्थिति में विकेट के पीछे जिम्मेदारी निभाई थी। विकेटकीपर के तौर पर जुरेल पहली पसंद हैं, जबकि बैकअप के तौर पर एन जगीदशन को भी टीम में जगह दी गई है।




### बुमराह को नहीं दिया गया आराम

एशिया कप में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रामण की अगुआई कर रहे जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ आराम नहीं दिया गया है। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह के कार्यभार प्रबंध का ध्यान रखा गया था और उन्होंने पांच में से सिर्फ तीन मैच ही खेले थे। इसे देखते हुए माना जा रहा था कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के मद्देनजर बुमराह को इस सीरीज से आराम मिल सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

इस बात की भी पूरी संभावना है कि बुमराह प्लेइंग-11 का हिस्सा होंगे। वहीं, उनके साथ मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।

### करुण बाहर, सरफराज को नहीं मिली जगह

इंग्लैंड दौरे से आठ साल बाद भारतीय टीम में जगह बनाने वाले करुण नायर को वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम में जगह नहीं दी गई है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल पर आखिरी टेस्ट में अर्धशतक जमाने वाले करुण ने सभी पारियों में अच्छी शुरुआत की। वह खराब फॉर्म में नहीं थे लेकिन ज्यादा रन नहीं बना सके। इसके बाद उनकी अंगुली में चोट लग गई और वह दलीप ट्रॉफी नहीं खेल सके। दूसरी ओर, सरफराज खान को एक बार फिर टेस्ट टीम में जगह नहीं दी गई है। सरफराज पिछले कुछ समय से अपनी फिटनेस पर भी काम कर रहे थे और उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रन बनाए थे, लेकिन चयनकर्ताओं ने इस सीरीज के लिए उन्हें नहीं चुना है।

### अय्यर ने लाल गेंद के प्रारूप से लिया ब्रेक

वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम के एलान से पहले बीसीसीआई ने इस बात की पुष्टि कर दी थी कि श्रेयस अय्यर ने लाल गेंद के प्रारूप से छह महीने का ब्रेक लिया है। संभवतः इसी कारण चयनकर्ताओं ने श्रेयस के नाम पर विचार नहीं किया होगा। बीसीसीआई ने बताया था कि श्रेयस की ब्रिटेन में सर्जरी हुई थी और वह इससे उबर रहे हैं।

## Asia Cup:

## सफलता के बावजूद सूर्यकुमार यादव की फॉर्म ने भारत के लिए बढ़ाई चिंता




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव बल्ले से चमक बिखेरने में लगातार असफल हो रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में यह देखने को मिला कि जैसे ही अभिषेक आउट हुए भारत की रनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। मध्यक्रम के बल्लेबाज या तो सस्ते में पवेलियन लौटे या उन्हें रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए लगातार पांच मैच जीतकर एशिया कप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत ने बुधवार को सुपर चार चरण के मैच में बांग्लादेश को हराकर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारतीय टीम का प्रदर्शन मौजूदा टूर्नामेंट में काफी अच्छा रहा है और टीम अजेय बनी हुई है। भारत को लगातार सफलता मिल रही है, लेकिन कप्तान सूर्यकुमार यादव की फॉर्म ने उसके लिए चिंता बढ़ा दी है।

### अभिषेक के आउट होने के बाद लड़खड़ा रही पारी

भारत को फाइनल से पहले अब शुक्रवार को श्रीलंका का सामना करना है। टीम इस मैच में अपना मजबूत और कमजोर पक्ष दोनों को देखना चाहेगी क्योंकि खिताब के इतने करीब आकर सूर्यकुमार की अगुआई वाली टीम कोई गलती करने से बचना चाहेगी। बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल पिछले दो मैचों से टीम को अच्छी शुरुआत दिला रहे हैं। अभिषेक ने सामने से जिम्मेदारी निभाई है और लगातार दो मैच में अर्धशतक लगा चुके हैं। दूसरी ओर, सूर्यकुमार यादव बल्ले से चमक बिखेरने में लगातार असफल हो रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में यह देखने को मिला कि जैसे ही अभिषेक आउट हुए भारत की रनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। मध्यक्रम के बल्लेबाज या तो सस्ते में पवेलियन लौटे या उन्हें रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

### मौजूदा एशिया कप में सूर्यकुमार का प्रदर्शन

मौजूदा एशिया कप में सूर्यकुमार चार बार बल्लेबाजी के लिए उतरे हैं। उन्होंने अब तक 7, 47, 0 और 5 रनों की पारी खेली है। इससे पहले साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी वह संघर्ष करते नजर आए थे। उन्होंने उस सीरीज में 5.60 की औसत से 28 रन बनाए थे जिसमें दो बार शून्य पर आउट होना भी शामिल है। सूर्यकुमार टी20 के विस्फोटक बल्लेबाज माने जाते हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से जिस तरह उनका बल्ला खामोश है, उसने भारतीय ड्रेसिंग रूम की बेचैनी बढ़ा रखी है। भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी रहे सुनील गावस्कर ने भी इस मामले को लेकर अपनी राय रखी। उन्होंने एक न्यूज चैनल से कहा, कप्तान के लिए जरूरी है कि वह आकर कुछ रन बनाए। सूर्यकुमार चौथे नंबर पर आए और फिर से वही शॉट खेलकर आउट हो गए।

## Irani Cup:

## ईरानी कप में रजत पाटीदार करेंगे शेष भारत की अगुआई, ऋतुराज होंगे उपकप्तान; विदर्भ से होना है मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेष भारत और रणजी ट्रॉफी चैंपियन विदर्भ के बीच नागपुर में एक अक्तूबर से ईरानी कप का मुकाबला होना है। इसके लिए रजत पाटीदार को शेष भारत की कमान सौंपी गई है।



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ईरानी कप के लिए शेष भारत की टीम घोषित कर दी है। शेष भारत और रणजी ट्रॉफी चैंपियन विदर्भ के बीच नागपुर में एक अक्तूबर से ईरानी कप का मुकाबला होना है। इसके लिए रजत पाटीदार को शेष भारत की कमान सौंपी गई है, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उपकप्तानी का जिम्मा संभालेंगे। विदर्भ की नजरें 2017-18 और 2018-19 सत्र के बाद तीसरी बार ईरानी कप जीतने पर टिकी होंगी। शेष भारत ने 29 बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है। शेष भारत से पहले विदर्भ ने भी इस मुकाबले के लिए अपनी टीम घोषित की थी और विकेटकीपर बल्लेबाज अक्षय वाडकर को टीम की कमान सौंपी थी। विदर्भ क्रिकट संघ की सीनियर चयन समिति की बैठक में यश राठौड़ को उपकप्तान नियुक्त किया गया था। वाडकर ने 62 प्रथम श्रेणी मैचों में 48.82 की औसत से 11 शतक सहित 3906 रन बनाए हैं।

पिछले सत्र में विदर्भ को रणजी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले उस्मान गनी टीम के कोच होंगे। ईरानी कप के लिए शेष भारत की टीम- रजत पाटीदार (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), ऋतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), यश ढुल, शेख रशीद, ईशान किशन (विकेटकीपर), तनुष कोटियान, मनव सुथार, गुरनुर बरार, खलील अहमद, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, सारांश जैन। ईरानी कप के लिए विदर्भ की टीम- अक्षय वाडकर (कप्तान और विकेटकीपर), यश राठौड़, अथर्व तायडे, अमन मोखड़े, दानिश मालेवार, हर्ष दुबे, पार्थ रेखाडे, यश ठाकुर, नचिकेत भुटे, दर्शन नालकंडेय, आदित्य ठाकरे, अक्षय कर्णेवार, यश कदम, शिवम देशमुख, प्रफुल्ल हिंगे और ध्रुव शौरी।

## आईसीसी लेगा एक्शन

## हारिस रऊफ और साहिबजादा को मिलेगी भारत से बदतमीजी करने की सजा!







**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुबई में खेले गए एशिया कप 2025 सुपर-4 मुकाबले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. अब यह मामला सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद तक पहुँच गया है. बीसीसीआई ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के व्यवहार के लेकर सख्त कदम उठाते हुए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की है.

पाकिस्तान के गेंदबाज हारिस रऊफ और बल्लेबाज साहिबजादा फरहान के खिलाफ आईसीसी में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है. आरोप है कि इन दोनों खिलाड़ियों ने मैच के दौरान भड़काऊ और आपत्तिजनक इशारे किए थे. 21 सितंबर को खेले गए इस मैच में रऊफ ने ऐसा इशारा किया, मानो विमान को गिरते हुए दिखाया जा रहा हो. माना जा रहा है कि उन्होंने यह भारतीय सेना की कार्रवाई का मजाक उड़ाने के लिए किया. इसके अलावा, गेंदबाजी के दौरान उन्होंने शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा को अपशब्द भी कहे, जिनका जवाब दोनों बल्लेबाजों ने अपने बल्ले से दिया.

वहीं, साहिबजादा फरहान ने अर्धशतक लगाने के बाद बल्ले को मशीनगन की तरह चलाने वाला जश्न मनाया. इसे लेकर सोशल मीडिया पर उनकी कड़ी आलोचना हुई. खुद फरहान ने बाद में कहा, वह बस एक पल का सेलीब्रेशन था, मुझे फर्क नहीं पड़ता लोग कैसे लेंगे. अब रऊफ और फरहान को आईसीसी की आचार संहिता के तहत सुनवाई का सामना करना पड़ सकता है. अगर आरोप साबित हुए तो दोनों खिलाड़ियों पर कार्रवाई तय है.

### पीसीबी की पलटवार शिकायत

दूसरी ओर, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के खिलाफ आईसीसी में शिकायत दर्ज कराई है. पीसीबी का कहना है कि सूर्यकुमार ने 14 सितंबर को पाकिस्तान पर जीत के बाद अपनी टीम की जीत भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को समर्पित की थी, जो 'राजनीतिक बयान' है. हालांकि, यह देखना बाकी है कि शिकायत समय सीमा के भीतर की गई है या नही.

## वैभव सूर्यवंशी ने 70 गेंदों पर ठोके 108 रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया अंडर 19 टीम ने आयुष महात्रे की कप्तानी में 3 मैचों की यूथ वनडे सीरीज में मेजबान ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम को पहले दो मुकाबलो में लगातार हराते हुए इस वनडे सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया। पहले दो मैचों में इंडिया की तरफ से रन बनाने के मामले में टीम के विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू तूफानी बल्लेबाजी वैभव सूर्यवंशी से भी आगे रहे। इस सीरीज के पहले दो मैचों में अभिज्ञान ना सिर्फ भारत की तरफ से बल्कि ओवरऑल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं जबकि वैभव सूर्यवंशी उनसे ठीक नीचे यानी दूसरे नंबर पर काबिज हैं। वैभव स्ट्राइक रेट के मामले में अभिज्ञान से आगे हैं, लेकिन अभिज्ञान का औसत इन दोनों मैचों में कमाल का है।

### वैभव ने बनाए हैं 70 गेंदों पर 108 रन



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले 2 वनडे मैचों में वैभव सूर्यवंशी की बैटिंग काफी आक्रामक रही है और दोनों ही मुकाबलों में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। इन दोनों मैचों में उन्होंने 70 गेंदों का सामना करते हुए 108 रन बनाए हैं जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 120.00 का रहा है जबकि औसत 54.00 का रहा है। उनका बेस्ट स्कोर इन मैचों में 70 रन है और उनके बल्ले से 12 चौके और 7 छक्के लगाए हैं जबकि एक अर्धशतक उनके बल्ले से निकला है।

भारतीय अंडर 19 टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने टीम की सीरीज जीत में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों मैचों में उन्होंने टीम के लिए अहम पारी खेली और 2 मैचों में उन्होंने 158.00 की तगड़ी औसत के साथ 158 रन बनाए हैं .

## रोहित शर्मा कमबैक पर दहाड़ने को तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के वनडे कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर चर्चा में हैं। 37 साल के रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से वापसी की तैयारी करते हुए अपनी फिटनेस में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान करीब 10 किलो वजन कम किया। उनके करीबी दोस्त और भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर ने मुंबई में रोहित की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। दरअसल, रोहित शर्मा को लेकर अभिषेक नायर ने एक स्टोरी शेयर की, जिमसें उन्होंने लिखा, ÷10,000 ग्राम यानी 10 किलो कम करने के बाद भी हम मेहनत जारी रखते हैं। यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गया और फैंस और साथी खिलाड़ी उनकी फिटनेस की तारीफ कर रहे हैं।




### जिम में कड़ी मेहनत कर रहे हिटमैन

रोहित आईपीएल 2025 के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं। अब वह जिम में कमबैक के लिए जमकर पसीना बहा रहे हैं। नायर की देखरेख में उन्होंने ट्रेनिंग की और नया लुक हासिल किया है।

## मोहम्मद शमी का टेस्ट करियर खत्म

### वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से नाम क्यों गायब... BCCI का प्लान B तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज के के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है. लेकिन इस टीम में एक बार फिर मोहम्मद शमी को मौका नहीं मिला.




ऐसे में एक तरह से माना जा रहा है कि अब भारतीय टेस्ट टीम से उनका बोरिया बिस्तर लगभग बंध गया है. वेस्टइंडीज की टीम अगले महीने अक्टूबर में दो टेस्ट खेलने के लिए भारत आ रही है. 35 साल के मोहम्मद शमी ने टेस्ट में आखिरी बार भारत के लिए जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में खेला था. तेज गेंदबाज शमी ने अब तक 64 टेस्ट मैचों 229 विकेट निकाले हैं. उस सीरीज के बाद से लगातार भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी अटैक में वो जगह बनाने में नाकाम रहे.

**क्यों शमी का टेस्ट टीम से पत्ता कटा, क्या चोटिल रहना वजह**

इंग्लैंड दौरे पर मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और जसप्रीत बुमराह मेन पेस गेंदबाज थे. अर्शदीप सिंह भी इस दौरे पर गए थे, वहीं अंशुल कम्बोज को भी डेब्यू करने का मौका मिला था. हर्षित राणा इंग्लैंड दौरे पर बैकअप प्लेयर के तौर पर गए थे.

ऐसे में भारत के पास युवा तेज गेंदबाजों का पूल तैयार है. वहीं शमी अब 35 साल के हैं, ऐसे में WTC की मौजूदा साइकिल (2025-27) के अंत तक उनकी उम्र 37 साल हो जाएगी. वहीं दूसरी बात यह भी है कि शमी का हाल में किसी फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी प्रदर्शन बहुत शानदार नहीं रहा है.

## एशिया कप:

## बांग्लादेशी गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे अभिषेक शर्मा




**दुबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप 2025 के सुपर-4 के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश को 41 रन से हरा दिया। भारतीय टीम की जीत के हीरो बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रहे। शर्मा ने 37 गेंद पर 75 रन की पारी खेली थी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय क्रिकेट टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए थे। भारतीय टीम को शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा ने 6.2 ओवर में पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़कर मजबूत शुरुआत दी थी। मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने अगर अच्छी बल्लेबाजी की होती तो स्कोर 200 के आसपास हो सकता था। अभिषेक शर्मा ने 37 गेंद पर 75 रन की पारी खेली। इस पारी में 5 छक्के और 6 चौके शामिल रहे। हार्दिक पांड्या ने 29 गेंद पर 38 और गिल ने 19 गेंद पर 29 रन बनाए। शिवम दुबे 2, कप्तान सूर्यकुमार यादव 5, तिलक वर्मा 5 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल 10 रन बनाकर नाबाद रहे।

169 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी बांग्लादेश 19.3 ओवर में 127 पर सिमट गई और 41 रन से मैच हार गई। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 69 रन की पारी सलामी बल्लेबाज सैफ हसन ने खेली। 51 गेंद की पारी में इस बल्लेबाज ने 5 छक्के और 3 चौके लगाए। दूसरे टॉप स्कोरर परवेज हुसैन इमोन रहे। उन्होंने 21 रन बनाए। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच सका। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी की और 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिए। कुलदीप यादव ने 4 ओवर में 18 रन देकर 3, वरुण चक्रवर्ती ने 4 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल और तिलक वर्मा को 1-1 विकेट मिला।

## 'क्रिकेट से मस्ती नहीं...' सुनील गावस्कर ने गंभीर-सूर्यकुमार को एशिया कप फाइनल से पहले चेताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया ने एशिया कप टी20 के फाइनल में जगह बना ली है. भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में लगातार 5वीं जीत दर्ज करते हुए बांग्लादेश को 41 रनों से हराया. हालांकि मैच से पहले बल्लेबाजों की गलतियों ने चिंता बढ़ा दी. अब तक चमकते रहे बल्लेबाजी क्रम में उलटफेर का खामियाजा इस मैच में साफ दिखाई दिया. ओपनर अभिषेक शर्मा ने 37 गेंदों में तूफानी 75 रन ठोके, लेकिन उनके आउट होते ही (12वें ओवर की पहली गेंद पर) भारत का स्कोर 112/3 हो गया. इसके बाद बल्लेबाजों ने रफ्तार खो दी



और अंत तक संघर्ष करते हुए भारत 168/6 तक ही पहुंच सका. इस मैच में शिवम दुबे को अप्रत्याशित रूप से नं. 3 पर भेजा गया, तिलक वर्मा को नं. 6 पर उतारा गया और संजू सैमसन को तो बल्लेबाजी का मौका ही नहीं मिला क्योंकि उन्हें नं. 8 पर रखा गया था. इसी बदलाव पर महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कड़ी नाराजगी जताई और मुख्य कोच गौतम गंभीर तथा कप्तान सूर्यकुमार यादव को चेतावनी देते हुए कहा- क्रिकेट से मस्ती नहीं की जाती.